संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरुवार, 02 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 60 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



राहुल नए लुक में कैम्ब्रिज पहुंचे हैं। एक फैन ने उनके साथ फोटो शेयर की है। इसमें राहुल सेट की हुई दाढ़ी, कोट और टाई में नजर आ रहे हैं।

# मिट्टी में मिल गया माफिया का घर...

## उमेश पाल हत्याकांडः अतीक को एनकाउंटर का डर, सुप्रीम कोर्ट में अर्जी, कहा- अहमदाबाद जेल से कहीं और न भेजें, यूपी में करीबी के घर पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**

**यूपी सरकार** ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार सुबह माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के प्रयागराज स्थित घर को बुलडोजर से गिराया गया। इसी घर में अतीक का परिवार किराए पर रहता था। जफर के घर से तलवार, पिस्टल और राइफल भी मिली है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के चकिया मोहल्ले में जफर के दो मंजिला मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर लगाकर गिराया। इस घर की मार्केट वैल्यू करीब 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अतीक का मकान जब जब्त किया गया था तो जफर ने ही उसके परिवार को यहां पनाह दी थी। जफर अतीक का खास गुर्गा है। दोनों बिजनेस पार्टनर भी हैं। हाल ही में उमेश पाल ने जफर पर भी केस दर्ज कराया था। वहीं, अतीक के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें अहमदाबाद जेल से यूपी की जेल में प्रस्तावित ट्रांसफर का विरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि यूपी सरकार के कुछ मंत्रियों के बयान से ऐसा लगता है कि उनका फर्जी एनकाउंटर किया जा सकता है। वकील ने अतीक की सुरक्षा पर सवाल उठाए।

### एक्शन में योगी सरकार

= इसी घर में अतीक का परिवार किराए पर रहता था। जफर के घर से तलवार, पिस्टल और राइफल भी मिली है



**अतीक की पत्नी के मायके के सामने है यह घरः** अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ ने कहा, 'आज जो मकान चकिया में 297/205 ध्वस्त किया जा रहा है वो बेनामी संपत्ति नही है। ये मकान जफर अहमद खान का है। जफर मूलतः बांदा का रहने वाला है। इस मकान को 7 जनवरी 2021 को जफर के पिता ने अपने धन से खरीदा था। इसके ठीक सामने अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन का मायका है। अतीक अहमद का चकिया स्थित मकान गिराए जाने के बाद वो अपने मायके में ही रह रही थीं। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन ने जफर अहमद से इस मकान को किराए पर लिया था। शाइस्ता और उनका परिवार इसी मकान में 2021 से रह रहा था।

## बुलडोजर गरजने के साथ चल रही छापेमारी

**प्रयागराज** में अतीक के गुर्गों पर एक तरफ जहां बुलडोजर गरज रहा है तो वहीं दूसरी तरफ आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस की एक टीम ने लखनऊ के महानगर में यूनिवर्सल अपार्टमेंट में पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद के फ्लैट पर छापा मारा। अतीक के फ्लैट नम्बर 202 पर ताला लगा था। उमेश पाल की हत्या के बाद शूटरों के इसी अपार्टमेंट में रुकने की बात सामने आई थी। पुलिस ने यहां पार्किंग में खड़ी अतीक अहमद की लैंड क्रूजर और मर्सिडीज कब्जे में ले लिया है। दोनों ही गाड़ियों की नम्बर प्लेट दूसरों प्रांतों की हैं, इससे साफ हो रहा है कि माफिया का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था और गुर्गों को भागने में इन्हीं वाहनों का प्रयोग किया जाता था।



**फ्लैट में एक हफ्ते पहले देखा गया था मुख्य आरोपी असदः** उमेश पाल की हत्या का मुख्य आरोपी असद अहमद है। असद को आखिरी बार हफ्ता भर पहले लखनऊ के यूनिवर्सल अपार्टमेंट में देखा गया था और उसके साथ रहने वाले लोग 24 तारीख की शाम से यहां से गायब हैं।
अपार्टमेंट के आस पड़ोस के लोगों से असद और उनके किसी भी आदमी की कोई बातचीत नहीं थी।

## विमान ईंधन चार फीसदी हुआ सस्ता, नई दरें लागू



**नई दिल्लीः** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी के चलते देश में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने एटीएफ की कीमत 4 फीसदी घटा दी है। पिछले महीने एटीएफ के दाम में 4,218 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 3.9 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। नई दरें लागू हो गई हैं। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से बुधवार को जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक विमान ईंधन कीमत में चार फीसदी की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में एटीएफ की कीमत 4,606.50 रुपये प्रति किलोलीटर घटी है, जिसके बाद अब यह 1,07,750.27 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है।

## शहीद के अपमान पर राजनाथ ने की नीतीश से बात



**पटना/टीम एक्शन इंडिया**

**बिहार** विधानसभा के बजट सत्र चल रहा है। सदन में वैशाली में शहीद बेटे का स्मारक बनाने पर पिता को जेल भेजने के मामले पर जमकर हंगामा हुआ। बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर प्रदर्शन किया। तेजस्वी के भाषण के दौरान विधायकों ने कुर्सियां उठा लीं। सरकार शर्म करो...शर्म करो के नारे लगाए गए। हंगामे के बाद बीजेपी विधायकों ने सदन से वॉक आउट कर दिया। वहीं लंच के बाद विधानसभा में बोलते हुए इस मामले में नीतीश कुमार ने कहा है कि आज ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात हुई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। विपक्ष के शराब से मौतों के सवाल पर नीतीश कुमार ने विधानसभा में कहा कि शराब से मौतें पहले भी होती थी। हमने सर्वे कराया था इसमें पता चला कि बिहार में 1 करोड़ 82 लाख लोगों ने शराब छोड़ी दी है।

## 'पाकिस्तान में ही पल रहे लश्कर-जैश के आतंकी'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिवालिया** हो रहे पाकिस्तान आतंकवाद को पनाह देने से बाज नहीं आ रहा है। अमेरिका के ब्यूरो ऑफ काउंटरटेरिज्म की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान का आतंकवाद के खिलाफ रवैया सख्त होने के बजाय ढुलमुल ही रहा। उसने दिखावे के नाम पर मंद गति से कार्रवाई की है। इसी का नतीजा है कि साल 2020 की तुलना में 2021 में सामूहिक हत्याओं और आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ। अमेरिकी की कंट्री रिपोर्ट्स ऑन टेररिज्म- 2021 के मुताबिक, पाकिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और आतंकी संगठन पल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह आतंकी संगठन लगातार पाकिस्तान के ही लोगों को निशाना बनाकर उनकी सामूहिक हत्याएं कर रहे हैं।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बुधवार को नकल विरोधी कानून आभार रैली में प्रतिभाग करने के दौरान युवाओं ने अभिनंदन किया।

## आनंद गिरी की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**सुप्रीम कोर्ट** ने महंत नरेंद्र गिरी की कथित खुदकुशी से जुड़े मामले में आनंद गिरी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस एएस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में दखल का कोई कारण नजर नहीं आता है। कोर्ट ने 9 दिसंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार और सीबीआई को नोटिस जारी किया था। 20 सितंबर, 2021 को श्री मठ बाघंबरी गद्दी, प्रयागराज के प्रमुख महंत नरेंद्र गिरि मठ के अंदर मृत पाए गए थे।

## 'हरियाणा में खत्म होगी जरीब तकनीक, भूमि माप के लिए खरीदे जाएंगे तीन सौ रोवर'

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एक आधुनिक भूमि माप प्रणाली स्थापित की जाएगी, जो सदियों पुराने श्रृंखला (जरीब) आधारित मापन का स्थान लेगी। इससे भूमि के माप में अधिक सटीकता और विश्वसनीयता आएगी और विवादों की गुंजाइश कम होगी। प्रदेश में इसके लिए अब 300 नये रोवर खरीदे जाएंगे ताकि हर जिले तथा तहसील का लार्ज स्केल मैपिंग से सम्बंधित कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को स्वामित्व योजना के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रथम चरण में दो जिलों का चयन किया गया है, जिनमें सोनीपत तथा करनाल जिले शामिल हैं। इन जिलों के लाल डोरे क्षेत्र से बाहर नगर निगम क्षेत्रों के तहत आने वाली कृषि भूमि व राजस्व भूमि पर लार्ज स्केल मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाएगा।



## जीएसटी का रिकॉर्ड कलेक्शन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**



**वस्तु** एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह फरवरी महीने में 1,49,577 करोड़ रुपये (1.50 लाख करोड़ रुपये) के करीब रहा है। पिछले साल फरवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,33,026 करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 12 फीसदी की वृद्धि हुई है। हालांकि, जनवरी के जीएसटी राजस्व संग्रह 1.56 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले फरवरी में इसमें कमी आई है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि फरवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,49,577 करोड़ रुपये रहा है। पिछले महीने जनवरी में जीएसटी राजस्व संग्रह 1,55,922 करोड़ रुपये यानी 1.55 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो अब तक दूसरी सबसे बड़ी बढ़ोतरी थी।

## पिछली सरकार में आम जनता को लूट रहे थे माफिया : योगी



**लखनऊः**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि पिछली सरकार ने हर जिले में माफिया पाल रखे थे। वह आम जनता को लूट रहे थे। सपा जाति पर सियासत करती है। सपा ने प्रदेश को बीमारू राज्य बना कर रखा था। यह लोग ओडीओपी तो नहीं दे पाये लेकिन एक जिला एक माफिया जरूर दिया। हमने माफियाओं की कमर तोड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष केवल घोषणाएं करता है। हमारी सरकार ने 2022 में भाजपा के संकल्प पत्र में किये गए 130 वादों में से 110 के लिए इस बजट व्यवस्था की गई है। यह बजट प्रदेश के विकास और समृद्धि की कहानी को बयां करता है। इसके लिए वित्त मंत्री को बधाई। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने दीजिए, प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी वाला राज्य बनेगा। यह तब है जब कोरोना जैसे महामारी का हमने सामना किया। नेता सदन ने कहा कि बजट पर 51 सदस्यों ने हिस्सा लिया है। हम सबके प्रति धन्यवाद देते हैं। जब हम बजट पर चर्चा करते हैं तो छह वर्षों पर नजर डालने होगा।

# घरेलू रसोई गैस 50 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

होली के त्योहार के पहले आम आदमी को महंगाई का दोहरा झटका लगा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस के दाम में 50 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 350.50 रुपये की बढ़ोत्तरी की है। घरेलू रसोई गैस कीमत में करीब 8 महीने बाद इजाफा किया गया है। इससे पहले 6 जुलाई, 2022 को एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए थे। नई दरें बुधवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल के वेबसाइट के



मुताबिक राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस कीमत बढ़कर अब 1103 रुपये प्रति सिलेंडर हो गयी है, जो पहले 1053 रुपये में मिल रहा था। मुंबई में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 1052.50 रुपये की बजाय अब 1102.5 रुपये में मिलेगा। वहीं, कोलकाता में भी एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1079 रुपये से बढ़कर 1129 पहुंच गयी है, जबकि चेन्नई में घरेलू रसोई गैस 1068.50 रुपये की जगह 1118.5 रुपये में बिक रहा है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपये का इजाफा किया है। इस बढ़ोत्तरी के बाद देश की राजधानी दिल्ली में 19.2 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर अब 2,119.50 रुपये में मिलेगा।

**कैबिनेट की मोहर** लोकसेवा आयोग में नकल रोकने के लिए एक्ट, श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम के लिए विकास योजना को दी मंजूरी

# हिमाचलः मनरेगा श्रमिकों का भी होगा स्वास्थ्य बीमा


**शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, शिमला को हिमाचल प्रदेश, विश्वविद्यालय, बोर्ड या अन्य निर्दिष्ट परीक्षाओं में कदाचार की रोकथाम अधिनियम, 1984 हिमाचल प्रदेश प्रिवेंशन ऑफ मालप्रैक्टिसिज एट यूनिवर्सिटी, बोर्ड ऑर अदर स्पेसिफाइड एग्जामिनेशन्ज एक्ट, 1984 के तहत लाने का निर्णय लिया गया ताकि किसी भी प्रकार के कदाचार



पर रोक तथा उम्मीदवारों के चयन में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। मंत्रिमंडल ने विरासत संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए हिमाचल प्रदेश सद्भावना विरासत मामले समाधान योजना, 2023 को आरंभिक तौर पर तीन माह की अवधि के लिए लागू करने का निर्णय लिया। योजना का उद्देश्य जीएसटी पूर्व काल में विभिन्न कानूनों के अंतर्गत आकलन के लिए लंबित लगभग 50 हजार मामलों का निस्तारण करना है। इस योजना से लघु एवं सीमांत व्यापारियों और अन्य करदाताओं को लाभ मिलेगा।

मंत्रिमंडल ने 90,362 मनरेगा श्रमिकों, एकल नारी और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों, पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्ज और अनाथालयों में रहने वाले बच्चों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के 9 पद नियमित आधार पर भरने को भी स्वीकृति प्रदान की।

# जी-20 की मेजबानी से हरियाणा को मिली अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सराहना

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार से लडने को यहां लिया गया संकल्प अवश्य सिद्ध होगा: डा. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री ने सीएम मनोहर लाल को बताया तकनीक के प्रति जागरूक

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में 1 से 3 मार्च 2023 तक चलने वाली जी-20 शिखर सम्मेलन की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में हरियाणा सरकार को अच्छी मेजबानी तथा गुड गवर्नेंस के लिए आईटी आधारित सेवाओं से नागरिकों को मिल रही सुविधाओं के लिए प्रशंसा मिली। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे तकनीक के प्रति जागरूक रहते हैं। उन्होंने यह बात जी-20 एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक का शुभारंभ करने के उपरांत गुरुग्राम में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही।



डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में हरियाणा में गुड गवर्नेंस की दिशा में अनेक सफल प्रयोग हुए है। देश के अन्य राज्यों ने भी हरियाणा के सफल कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। जी-20 समूह की एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप (एसीडब्ल्यूजी) की पहली बैठक में भारत भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित करने और वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार से निपटने को लेकर जी-20 प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने के लिए एकीकृत कार्रवाई की फिर से पुष्टि करेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए

**8 जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे तकनीक के प्रति जागरूक रहते हैं**

कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार पर किसी प्रकार के भ्रष्टाचार का दाग नहीं है और बीते आठ वर्षों के दौरान ईडी व अन्य एजेंसियों की कार्रवाई में 180 बिलियन डॉलर काले धन को रिकवर कर देश के विभिन्न बैंकों में वापस जमा किया गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार को एक वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि यह संसाधनों के प्रभावी उपयोग व समग्र प्रशासन को प्रभावित करता है। गरीब व हाशिये पर रहने वाले लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। भ्रष्टाचार एक वैश्विक चुनौती है, इसलिए इस पर अंकुश लगाने के प्रयास भी सामूहिक तौर पर होने चाहिए। उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता की विषय वस्तु-वसुधैव कुटुंबकम, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का उल्लेख करते हुए वैश्विक स्तर पर भ्रष्टाचार से निपटने की दिशा में जी-20 की प्रतिबद्धताओं को मजबूती देने पर जोर देने की बात भी कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने गुरुग्राम की भूमि को पवित्र मानते हुए उम्मीद जाहिर की है कि इस बैठक में लिए जाने वाले संकल्प आगे चलकर सिद्ध होंगे। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ आगे बढ़ते हुए पहली भ्रष्टाचार-रोधी कार्य समूह की बैठक आयोजित की है।

# देश में 75 सालों से हिंदुओं के साथ हो रहा है अन्याय: अविमुक्तेश्वरानन्द

**8 कोई साधु संत राजनीति में जा रहा है। राजनीति में जाकर एमएलए यह एमपी बन जाएंगे**



**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
**ज्योतिषपीठ** बद्रीनाथ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने बुधवार को कहा है कि 75 साल से हिंदू अपने बच्चों को स्कूल में अपना धर्म नहीं पढ़ा सकते। संविधान में एक धारा 30 है। जो कहती है कि बहुसंख्यक जो लोग हैं उनको नहीं अल्पसंख्यकों को अपने बच्चों को स्कूलों में धर्म पढ़ाने की छूट है। आज अगर हिंदू स्कूल में अपने बच्चे को आचमन के बारे में पढ़ाना चाहे तो नहीं पढ़ा सकता। यह बात उन्होंने अग्रवाल युवा सभा के प्रधान अशोक गोयल के निवास पर बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सालों से संविधान के कारण हिंदू धर्म पर यह रोक लगी हुई है। जब हम अपने बच्चे को धर्म की शिक्षा ही नहीं दे पाएंगे तो हमारा बच्चा कैसे समझेगा। आवश्यकता है इस धारा को खत्म किया जाए। अल्पसंख्यक भी अपने बच्चों को अपना धर्म पढ़ाएं और हम भी अपने बच्चों को अपना धर्म पढ़ाएं। हम बहुसंख्यक हैं तो हमने क्या पाप कर दिया है कि हम अपने बच्चे को अपने धर्म की शिक्षा ही नहीं दे सकते। इतनी मोटी सी बात 75 साल से हमारे सविधान के कारण अटकी हुई है। जिसे कोई खत्म करने के लिए आगे नहीं आ रहा। सबसे पहले संविधान में यह संशोधन होना चाहिए हम अपने बच्चों को धर्म की शिक्षा देने के लिए स्वतंत्र हैं। यह रोक हमारे ऊपर क्यों लगाई गई है।

**धार्मिक लोगों के राजनीति में आने को बताया अनुचित:** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने कहा जब हम घर छोड़कर सन्यासी हो गए तो फिर हमें भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति का प्रयास नहीं करना चाहिए। कोई साधु संत राजनीति में जा रहा है। राजनीति में जाकर एमएलए यह एमपी बन जाएंगे। अगर राजनीति करनी थी तो उन्हें संन्यास नहीं लेना चाहिए था।

# गुरुग्राम: जी-20 बैठक, विदेशी मेहमानों ने योग से की दिन की शुरूआत

## जी-20 एन्टी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में मेजबान हरियाणा बना आकर्षण, हरियाणा की उपलब्धियों, कार्यक्रमों, ऐतिहासिक व पर्यटन से जुड़े केंद्रों की दी गई मेहमानों को जानकारी, स्क्रीन पर डाक्यूमेंट्री से दिखाई जा रही प्रदेश की विकास यात्रा

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
**बुधवार** से यहां लीला होटल में शुरू हुई जी-20 शिखर सम्मेलन के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक के पहले दिन हरियाणा ने अच्छे मेजबान के तौर पर विदेशी प्रतिनिधियों को प्रभावित किया। बैठक में भागीदारी करने पहुंचे डेलिगेट्स के दिन की शुरूआत योग के साथ हुई। हरियाणा योग आयोग के प्रशिक्षकों ने भारत की योग परंपरा से मेहमानों को रूबरू कराया। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय बैठक के आयोजन स्थल के समीप प्रतिनिधियों को हरियाणा की कला एवं संस्कृति तथा सुशासन आधारित कार्यक्रमों से अपडेट कराने के लिए एक स्टाल भी लगाई गई। बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों ने स्टाल पर आकर उपलब्ध साहित्य व स्क्रीन पर प्रसारित डाक्यूमेंट्री फिल्म के प्रति विशेष रूचि दिखाई। हरियाणा के खिलाडियों, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों और राज्य की कला-संस्कृति से मेहमानों को रूबरू कराने के लिए सेल्फी प्वाइंट व डिस्पले बोर्ड भी लगाए गए हैं।



हरियाणवी संस्कृति व स्थानीय पर्यटन केंद्रों की जानकारी के लिए सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा ब्रोशर तैयार किया है। हरियाणा की स्टाल पर मेहमानों के लिए यह ब्रोशर उपलब्ध है। इसी तरह हरियाणा सरकार की उपलब्धियों व प्रदेश के गौरवशाली पहलुओं को प्रदर्शनी के माध्यम से विदेशी मेहमानों को दिखाया जा रहा है। बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों ने हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली वहीं हरियाणा की संस्कृति व विकासात्मक थीम आधारित वीडियो को प्रदर्शनी में देखते हुए भरपूर सराहना की।

प्रदर्शनी में दिखाया गया कि सुशासन की दिशा में हरियाणा सरकार का पीपीपी मॉडल देश भर में अनुकरणीय बना हुआ है। वीडियो के माध्यम से स्क्रीन पर अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की झलक भी नजर आ रही है।

हरियाणा सरकार की प्रदर्शनी के माध्यम से वसुधैव कुटुंबकम एक धरा-एक परिवार-एक भविष्य के साथ आधारभूत ढांचागत विकास का प्रारूप जी-20 की पहली एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप मीटिंग में देखने को मिल रहा है।

# सड़क टूटी होने के कारण स्कूल बस पलटी

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुहला** चीका क्षेत्र की खराब सड़कों को लेकर वहां के लोग महीनों से धरने पर बैठे हैं। खराब सड़कों के कारण आए दिन कोई ना कोई हादसा हो रहा है। ऐसा ही एक हादसा बुधवार को हुआ। चीका से खरकां रोड पर एक स्कूल बस खेतों में पलट गई। बस में सवार 20 बच्चे बाल-बाल बच गए। जानकारी अनुसार गांव खरकां से विद्यार्थियों को लेकर निजी स्कूल का चालक बस चीका लेकर आ रहा था। रास्ते में सड़क के टूटी होने के कारण बस पलट गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद चीका पुलिस भी मौके पर पहुंची। विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। लोगों का कहना है कि सड़क टूटी होने के कारण ही यह बस पलटी है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पहली बार दिया जाएगा सुषमा स्वराज अवॉर्ड

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन दिए जाने वाले पुरस्कारों को लेकर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने बुधवार को कमेटी के साथ बैठक की। सरकार ने इस साल से सुषमा स्वराज अवार्ड देने की घोषणा की। बैठक में राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हरियाणवी प्रतिभाओं को पहली बार सुषमा स्वराज अवार्ड दिया जाएगा। इस पुरस्कार को हासिल करने वाली महिला को 5 लाख रुपये की राशि, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। पिछले साल मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुषमा स्वराज अवार्ड की घोषणा की थी। सम्मान समारोह में इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवॉर्ड, कल्पना चावला शौर्य अवॉर्ड, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, एएनएम/नर्सिस/एमपीडब्ल्यू श्रेणी में अवॉर्ड, स्पोर्ट्स वूमेन अवॉर्ड, सरकारी कर्मचारी वर्ग में व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान स्त्री शक्ति अवॉर्ड का भी वितरण होगा। प्रदेश में बेहतरीन कार्य करने वाली आंगनवाड़ी वर्कर्स को भी अवॉर्ड दिया जाएगा जिसके लिए विभाग की तरफ से आवेदन करने वाली आंगनवाड़ी वर्कर्स के साक्षात्कार भी लिए गए। हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसी अवसर पर हरियाणा सरकार की तरफ से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा, सांस्कृतिक, सेना, गायन, कला, चिकित्सा, समाज कल्याण, जागृति जागरण, सशक्तिकरण, खेल, पर्वतारोहण समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। बैठक में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता, महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार, विभाग की निदेशक मोनिका मलिक, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त निदेशक राजबाला कटारिया, संयुक्त निदेशक पूनम रमन व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करेगा कनाडा

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
कनाडा के सस्केचेवान राज्य ने हरियाणा के साथ खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने की पेशकश की है। इस कड़ी में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ प्रीमियर स्कॉट मो के नेतृत्व में कनाडा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। कनाडा भारत के साथ परमाणु क्षेत्र में पहले ही सहयोग कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल में कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर भी शामिल थे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा की भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हरियाणा पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि प्रतिनिधिमंडल का हरियाणा दौरा एक अच्छा अनुभव रहेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है। प्रति व्यक्ति आय व जीएसटी संग्रहण में भारत में शीर्ष स्थान पर है। विश्व की 400 से अधिक फार्च्यून कंपनियां गुरुग्राम में कारोबार कर रही हैं। आईटी और सॉफ्टवेयर में बेंगलुरु के बाद हरियाणा भारत में दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2016 में अपने कनाडा दौरे के भी अनुभव प्रतिनिधिमंडल के साथ सांझे किये। हरियाणा में कुशल व अकुशल मैनपावर उपलब्ध है। लॉजिस्टिक वेयरहाउसिंग में भी सहयोग बढ़ाया जा सकता है। स्कॉट मो ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सस्केचेवान के ट्रेड कार्यालय भारत सहित मैक्सिको, इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमीरात, वियतनाम, चीन और जापान देशों में स्थापित हैं।

# जुनैद-नासिर हत्याकांड पर कैथल में महापंचायत का आयोजन

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
जुनैद व नासिर हत्याकांड में आरोपित बाबा लदाना गांव के कालू के समर्थन में बुधवार को गांव में हिंदू संगठनों ने महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में हिंदू संगठनों के अलावा गौ रक्षा दल और 10 गांव के लोगों ने हिस्सा लिया। महापंचायत में मुख्य वक्ता के रूप में गो रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश व आचार्य योगेंद्र पहुंचे। महापंचायत की अध्यक्षता सरपंच गुरनाम सिंह ने की। महापंचायत में श्रीकांत के बेटे की मौत पर 50 लाख रुपये का मुआवजा, पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच की मांग और राजस्थान पुलिस द्वारा तलाशी लेने का विरोध करने का फैसला लिया गया। गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश व आचार्य योगेंद्र ने कहा कि गौ माता की हत्या करने वालों की मौत पर सरकार 20 लाख रुपये का मुआवजा दे रही है। गौ भक्तों की सरकार रक्षा नहीं कर पा रही है। सरकार गौ हत्या को बंद नहीं करवा पा रही है इसलिए यह लड़ाई गौ रक्षकों को लड़नी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि महापंचायतों का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

# राम का आदर्श चरित्र हमें कर्तव्यों का बोध कराता है: सीमा त्रिखा

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान राम का आदर्श जीवन पूरी दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक है। राम का आदर्श चरित्र हमें अपने कर्तव्यों का बोध कराता है कि हम भी उनके जैसा बनें और पुत्र, भाई, पति की तरह अपने कर्तव्यों का पालन करें। यह बात बडखल क्षेत्र की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने एसजीएम नगर के ज्ञानदीप पब्लिक सी.सै. स्कूल स्थित ज्ञान दास मंदिर में आयोजित रामायण पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं व स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहें। इस मौके पर मंदिर के संस्थापक शिवचरण दास,



प्रिंसीपल मानव शर्मा ने विधायक सीमा त्रिखा का चुनरी ओढ़ाकर तथा बुक्के देकर स्वागत किया। वहीं विशेष रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली मौजूद रहे। विधायक श्रीमती त्रिखा ने कहा कि हम भक्ति, पूजा, पाठ करें और राम जैसा आचरण न हो तो अपने को कैसे भक्त सकते हैं। भगवान राम पग-पग पर हमारा मार्ग दर्शन करते हैं लेकिन हम उनके जैसे बनने का प्रयास नहीं करते। वह राज

**8 हम भी उनके जैसा बनें और पुत्र, भाई, पति की तरह अपने कर्तव्यों का पालन करें**

कुमार होते हुए भी त्याग से पीछे नहीं हटे। एक आदर्श स्थापित किया कि पिता की आज्ञा से बढकर कुछ भी नहीं। राम हम सब में हैं। यह गुण हमें पहचानने के साथ आत्मसात करना चाहिए, तभी हम राम के गुण धारण कर उनके जैसा आदर्श जीवन का पालन कर सकते हैं।
सामान्य व्यक्ति भी राम की तरह मर्यादा पुरुषोत्तम बन सकता है। राम का मतलब एक आदर्श व्यक्तित्व है। व्यास ने विविध प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् मानव शर्मा के अलावा प्राईवेट स्कूल एसो. के प्रभारी नंदराम पाहिल, शिक्षाविद् राजेश मदान, डा. अमित जैन, फेडरेशन एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल पाल, सतीश फौगाट, आदेश यादव, डा. प्रदीप गुप्ता बिट्ठू, शोभित आजाद, रामवीर भड़ाना, रामकुमार, अमित अग्रवाल, साहिल अदलक्खा, नीतू कपूर, सूर्य प्रताप सिंह राजवीर भड़ाना, सहित सेंकड़ों लोगों ने रामायण पाठ समाप्त होने के पश्चात दाल-बाटी चूरमा के भण्डारे का आनन्द लिया।

# छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
भिवानी जिले के गांव चांग में 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने स्कूल में हुई मारपीट से आहत होकर फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार गांव चांग निवासी अमन गांव के ही एक निजी स्कूल में पढ़ता था। परिजनों ने बताया कि स्कूल में उनके बच्चे के साथ मारपीट की गई और बच्चे के शरीर पर चोट के भी निशान थे। स्कूल में हुई मारपीट से आहत होकर बच्चे ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं इस मामले में सदर थाना पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अपनी आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक बच्चे के परिजन मुकेश ने बताया कि अमन कल स्कूल गया था। उसके साथ स्कूल में मारपीट हुई। मारपीट के निशान बच्चे के शरीर पर मिले हैं। इस मामले में भिवानी सदर थाना एसएचओ रमेश चंद्र ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई है कि गांव चांग में एक नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# चरखी दादरी में 11 से 13 मार्च तक होगा राज्य स्तरीय पशु मेला

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण तथा पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि चरखी दादरी में 11 से 13 मार्च तक राज्य स्तरीय पशु मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह जानकारी बुधवार को पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने कहा कि यह पशु मेला पहले पशु मेलों की भांति ही भव्य होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों व पशुपालकों को प्रोत्साहित करने और नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के लिए पशु मेलों का आयोजन करती है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस राज्य स्तरीय पशु मेला के लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। इसके लिए होर्डिंग, रेडियो, मोबाइल एसएमएस के माध्यम से लोगों को अवगत कराया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग पशु मेले में पहुँचे। दलाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पशु मेला में आने वाले किसानों के मनोरंजन व खान-पान की व्यवस्था भी की जाए। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पशु मेले में पहुंचने वाले किसानों को कृषि विभाग, बागवानी, मत्स्य विभाग की प्रदर्शनी लगाकर भी इन क्षेत्रों में अपनाई जा रही नई तकनीकों के बारे में जागरूक किया जाए। इसके अलावा, किसानों एवं पशुपालकों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा नवीन तकनीकों एवं गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की जायेगी। जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार देसी नस्लों को बढ़ावा देने और उन्हें बेहतर करने के साथ साथ प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।

# चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने गृहमंत्री व डिप्टी सीएम के स्टाफ से की पूछताछ

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला कोच ने शिकायत देने से पहले हरियाणा के गृहमंत्री तथा डिप्टी सीएम के कार्यालय में कई बार फोन किए थे। महिला कोच की वहां पर सुनवाई हुई या नहीं इस बारे में वह पुलिस के समक्ष बयान दर्ज करवाएंगी। चंडीगढ़ पुलिस इस मामले में अब चार्जशीट फाइल करने की तैयारी में है। जिसके चलते संदेह के दायरे में आए सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। संदीप सिंह मामले की जांच कर रही एसआईटी ने जांच को तेज करते हुए आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में पहुंचकर





उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के स्टाफ से बातचीत की। इससे पहले मंगलवार की शाम एसआईटी ने गृहमंत्री अनिल विज के स्टाफ से भी बातचीत की थी।
संदीप सिंह के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस ने 31 दिसंबर को मामला दर्ज किया था। उसके बाद एसआईटी जहां महिला कोच के कई बार बयान दर्ज कर चुकी है वहीं संदीप सिंह से भी इस मामले में पूछताछ की जा चुकी है। चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी ने इस मामले में महिला कोच का फोन एफएसएल जांच के लिए भेजा था। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद एसआईटी ने जांच को तेज कर दी है।
चंडीगढ़ पुलिस की एक टीम आज हरियाणा सिविल सचिवालय पहुंची। जहां उसने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और गृहमंत्री अनिल विज के स्टाफ से पूछताछ की। स्टाफ से पूछा कि जूनियर महिला कोच के द्वारा मदद के लिए फोन किए गए थे। जूनियर महिला कोच के फोन कॉल्स के रिकॉर्ड की जांच में यह खुलासा हुआ है कि उसने मदद के लिए डिप्टी सीएम और गृहमंत्री के ऑफिस में कई बार फोन किए। महिला कोच ने अपनी शिकायत में भी इस बात का जिक्र किया है। इस खुलासे के बाद एसआईटी ने दोनों मंत्रियों के दफ्तरों से बातचीत का लिखित जवाब मांगा था, जिसमें उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के स्टाफ की ओर से लिखित में जानकारी दी गई है।

# हरियाणा में सरपंचों पर पुलिस का लाठीचार्ज

## चंडीगढ़ में घुसने के लिए पंचकूला में बैरिकेडिंग तोड़ी, ई-टेंडरिंग का कर रहे विरोध

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** में बुधवार को ई-टेंडरिंग का विरोध करने चंडीगढ़ जा रहे सरपंचों को पुलिस ने पंचकूला में ही रोक लिया। सरपंच पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो सरपंचों ने धक्का-मुक्की कर दी। सरपंचों ने बैरिकेड तोड़ दिए। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछारें मारी और जमकर लाठीचार्ज कर दिया। जिसमें कई सरपंच घायल हुए हैं। हंगामा बढ़ता देख सीएम मनोहर लाल खट्टर ने अपने ओएसडी भूपेश्वर दयाल को सरपंचों से बातचीत के लिए भेजा। मगर, सरपंचों ने उनकी कोई बात सुनने से इनकार कर बैरंग लौटा दिया। अब वे वहीं चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर धरना लगाकर बैठ गए हैं।



**सीएम आवास घेरने जा रहे थे सरपंचः** हरियाणा सरकार ने इस साल 2 लाख से ज्यादा के कामों के लिए ई-टेंडरिंग अनिवार्य कर दी है। इससे सरपंच सरकार के विरोध में आ गए। उनका कहना है कि पहले हमें 20 लाख तक की पावर थी। अब नए आदेश से वह एक गली-नाली तक अपने स्तर पर नहीं बनवा सकते। चुने हुए प्रतिनिधियों को अफसरों का गुलाम बनाया जा रहा है। उन्होंने विधायकों के लिए राइट टू रिकॉल की भी मांग की। उनका कहना था कि सरपंचों से पहले इसे एमपी-एमएलए पर भी लागू किया जाए। इसी के विरोध में सरपंच बुधवार को मुख्यमंत्री खट्टर के आवास के घेराव के लिए जा रहे थे। जिन्हें पुलिस ने रोक लिया। सरपंचों और पुलिस में जमकर धक्कामुक्की हुई।

**मंत्री ने मीटिंग में हाथ खड़े किएः** कुछ दिन पहले भी सरपंचों ने पंचकूला में प्रदर्शन किया। तब सरकार ने राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली से उनकी मीटिंग तय कर दी। इस मीटिंग में मंत्री बबली ने हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि मेरे हाथ में कुछ नहीं। वह इसके बारे में सीएम को बता देंगे। अंतिम फैसला कैबिनेट में लिया जाएगा। इससे सरपंच भड़क गए और 1 मार्च को चंडीगढ़ में सीएम आवास घेरने का ऐलान कर दिया। इस बीच, किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी और नवीन जयहिंद भी सरपंचों के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं।

**बॉर्डर पर ही शुरू किया धरनाः** पंचकूला-चंडीगढ़ बॉर्डर पर पुलिस के रोके जाने के बाद सरपंच वहीं धरने पर बैठ गए हैं। प्रदर्शनकारी सरपंचों ने कहा है कि अब यह धरना तभी उठेगा जब उनकी सभी मांगें मान ली जाएंगीं। उन्होंने ई-टेंडरिंग पर मुख्यमंत्री की हठधर्मिता को जिम्मेदार ठहराया है।

**सीएम के ओएसडी के साथ बैठक बेनतीजाः** चंडीगढ़-पंचकूला बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे सरपंचों को मनाने की सरकार की कोशिश नाकाम रही। बातचीत के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल के साथ सरपंचों की मीटिंग बेनतीजा रही।

ई-टेंडरिंग को लेकर सरपंचों ने सरकार को दो टूक में जवाब दिया कि इस फैसले की वापसी से कुछ भी उन्हें मंजूर नहीं है।

## खट्टर सरकार को भारी पड़ेगा सरपंचों पर अत्याचार : सुधा भारद्वाज

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने बुधवार को पंचकूला-चंडीगढ़ सीमा पर पुलिस द्वारा सरपंचों पर किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि आज के धरने में बहुत सी महिला सरपंच भी शामिल थीं, जिन्हें पुलिस ने सरकार के इशारे पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा है। महिलाओं पर किया गया लाठीचार्ज खट्टर सरकार को भारी पड़ेगा। बुधवार को जारी एक बयान में सुधा भारद्वाज ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार कभी किसानों पर लाठीचार्ज करवाती है तो कभी ओपीएस की मांग कर रहे कर्मचारियों को लाठियों से पीटा जाता है। सुधा भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को हुए घटनाक्रम के दौरान भारी संख्या में महिलाओं पर लाठीचार्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार के सत्ता में आते ही न केवल ओल्ड पेंशन योजना को लागू किया जाएगा, बल्कि सरकार द्वारा जानबूझ कर लागू की गई ई-टेंडरिंग प्रणाली को खत्म किया जाएगा।

# स्कूली छात्राओं ने अध्यापक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
बूड़िया क्षेत्र के सरकारी स्कूल में तैनात कक्षा अध्यापक पर 11 वीं की दो छात्राओं ने छेडखानी और अभद्रता करने का आरोप लगाया। बुधवार को इस शिकायत पर बूड़िया थाना पुलिस ने आरोपी अध्यापक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कूल की प्रिंसिपल ने बूड़िया पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके स्कूल में एक गांव की दो छात्राएं 11वीं कक्षा में पढ़ती हैं। 25 फरवरी को इन छात्राओं ने उन्हें लिखित में शिकायत देकर कक्षा अध्यापक पर छेडखानी करने और अभद्र भाषा में बोलने का आरोप लगाया। छात्रा ने बताया था कि 22 फरवरी को आरोपी अध्यापक ने कक्षा में पढ़ाते समय कहा था कि उसका मूड खराब है। यह बात कहते हुए आरोपी ने उससे छेडखानी की और गलत शब्दों में बातचीत की। आरोप है कि अध्यापक कक्षा में उन्हें यार कहकर बोलता है। वहीं, दूसरी छात्रा ने बताया था कि आरोपी अध्यापक कई दिन से उसे परेशान कर रहा है।

> 8 प्रिंसिपल ने बूड़िया पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके स्कूल में एक गांव की दो छात्राएं 11वीं कक्षा में पढ़ती हैं

प्रिंसिपल ने बताया कि छात्राओं की शिकायत मिलने पर उन्होंने छात्राओं के अभिभावकों को स्कूल में बुलाकर आरोपी अध्यापक से बात की। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखित में शिकायत भेजी। साथ ही पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अध्यापक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार का कहना है कि यह मामला उनकी जानकारी में है। आरोपी अध्यापक के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विभाग को भी अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

# शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए खर्च होंगे 6.35 करोड़ : आयुक्त

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए नगर निगम प्रशासन ने एक एजेंसी को वर्क आर्डर दिया है। इस पर सालाना छह करोड़ 35 लाख रुपये लागत आएगी। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने बुधवार को बताया कि शहर के एक से 10 वार्ड की सफाई व डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। वर्क ऑर्डर आगामी एक अप्रैल से 31 मार्च 2024 तक एक वर्ष के लिए दिया गया है। इस पर सालाना लगभग छह करोड़ 35 लाख रुपये लागत आएगी। शहर में कुल 20 वार्ड हैं। इनमें 11 से 20 वार्ड में नगर निगम सफाई व डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रहा है। निगमायुक्त ने बताया कि एजेंसी एनजीटी की गाइडलाइन से लेकर डोर टू डोर कचरा उठाना, गीले कचरे से खाद बनाना, सेग्रीगेशन, डिस्पोज ऑफ, आरएफआईडी टैग लगाना, लोगों को जागरूक करने का कार्य व टोल फ्री नम्बर जारी करने जैसे कार्य करेगी। आयुक्त ने कहा कि दो जनवरी से लगातार सफाई महाअभियान सभी वार्डों में चलाया जा रहा है, जिसका दूसरा चरण भी पूरा कर लिया गया है। सफाई महाअभियान की शुरूआत मेयर गौतम सरदाना ने की थी। मेयर ने सभी वार्डों में सफाई अभियान के साथ-साथ लोगों की समस्याएं भी सुनी। नगर निगम को 50 टिप्पर वाहन खरीदने के लिए प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है व वाहनों की संख्या बढ़ने से सफाई व्यवस्था में काफी सुधार आएगा।

> 8 शहर के एक से 10 वार्ड की सफाई व डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है

## आजीविका पर सरकार के हमलों को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

**जींद।** जनता की आजीविका पर लगातार किये जा रहे हमलों के खिलाफ माकपा ने डीसी कार्यालय पर धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता भारत की नेता मा. चांद बहादुर ने की जबकि संचालन कपूर सिंह ने किया। धरने के बाद प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति और डीसी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। धरने को सबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य मा. सत्यपाल सिवाच ने कहा कि अडानी साम्राज्य का महल तो देखते ही देखते तारा के पत्तों की तरह बिखर गया।

# 'मात्र 15 फीसदी अधिकारियों को ही आरटीआई कानून की जानकारी'

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के आईपीवीएस निदेशक डॉ. सतपाल दहिया ने कहा है कि सूचना के अधिकार कानून की जानकारी महज 15 फीसदी अधिकारियों को ही है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार को रोकना तथा आम नागरिकों को अधिकार देना है।डॉ. दहिया बुधवार को विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की ओर से विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं सहायक प्राध्यापकों के लिए आरटीआई एवं कार्यस्थल पर तनाव नियंत्रण पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले यह कानून 1766 में स्वीडन में लागू किया गया था। भारत में यह कानून 12 अक्टूबर 2005 से लागू किया गया। इसके तहत हम किसी की निजी जानकारी देने को बाध्य नहीं है और हम यदि इस कानून की जानकारी अच्छे से लेते हैं तो उन्हें इसे लागू करने में बोझ नहीं महसूस होगा।




उन्होंने एचआरएम निदेशक को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए बधाई दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताते हुए विश्वविद्यालय के मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका ने बताया कि चार दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के लिए विभिन्न संस्थानों से विशेषज्ञों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। डॉ. ढाका ने बताया कि सूचना के अधिकार का कानून वर्ष 2005 में सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं जवाबदेही निर्धारित करने लिए लाया गया था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत क्या करें एवं क्या न करें की विस्तृत जानकारी देने के कार्यस्थल पर मानसिक तनाव के कारण एवं नियंत्रण की जानकारी दी जाएगी।

> 8 इस कानून का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार को रोकना तथा आम नागरिकों को अधिकार देना है: डॉ. दहिया

# गिरफ्त में: 40 लाख की कार से गमले चुराने वाला गिरफ्तार

## -जी-20 की बैठक में आने वाले मेहमानों के स्वागत में रखे गए थे फूलों के गमले

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम में जी-20 सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए रखे गए फूलों के गमलों को चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का नाम मनमोहन यादव है, वह गांधी नगर का रहने वाला है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में गुरुग्राम के शंकर चौके के नजदीक जी-20 सम्मेलन के लिए रंग-बिरंगे फूलों से सजे गमलों को दो लोग कार में रखते हुए दिख रहे हैं। जिस कार में गमले चोरी कर रखे गए उसकी कीमत 40 लाख रुपये बताई जा रही है। वीडियो के वायरल होने पर जीएमडीए अधिकारी की ओर से आरोपितों के खिलाफ गमले चोरी का केस दर्ज कराया गया। वीडियो में गाड़ी का नंबर एचआर-20एवी-0006 साफ नजर आ रहा है। उसी के आधार पर आरोपितों की तलाश पुलिस ने शुरू की। आखिरकार पुलिस महंगी गाड़ी के मालिक तक पहुंच गई। उसकी पहचान गुरुग्राम के गांधी नगर निवासी मनमोहन यादव के रूप में हुई है। वह गाड़ी उसकी पत्नी बीना कुमारी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने पौधे चोर के साथ गाड़ी और पौधे-गमले भी बरामद कर लिए हैं। उसके साथ दूसरे व्यक्ति की भी पुलिस पहचान कर चुकी है, लेकिन अभी वह गिरफ्तार नहीं हो पाया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए उसे तलाश कर रही है।



# हथीन पहुंची इनेलो की पद यात्रा में अभय चौटाला ने उठाया गैस के दामों में बढ़ोतरी का मुद्दा

## घरेलू गैस सिलेंडर में एक बार फिर से 50 रुपए की वृद्धि से गृहणियों को बड़ा झटका लगा है : इनेलो नेता अभय चौटाला

> 8 प्रदेश सरकार ने जितने भी घोटाले किये हैं, उन्हें जनता के बीच बेनकाब किया जायेगा: अभय चौटाला

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
**इनेलो** की परिवर्तन यात्रा छठे दिन उपमंडल हथीन विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है। हरियाणा परिवर्तन पदयात्रा के दौरान इनलो नेता अभय सिंह चौटाला ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जितने भी घोटाले किये हैं, उन्हें जनता के बीच बेनकाब किया जायेगा। 2024 में प्रदेश में इनेलो की सरकार बनेगी। चौटाला ने ई-टेंडरिंग को लेकर सरपंचों के द्वारा मचाई जा रहे घमासान पर कहा जो मंत्री और मुख्यमंत्री सरपंचों को चोर बता रहे हैं, वह सबसे बड़े चोर हैं। इस तरह से छोटी सरकार को तंग कर रहे हैं। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला इनेलो पार्टी को मजबूत करने और प्रदेश में परिवर्तन लाने के लिए इन दिनों ह्यहरियाणा परिवर्तन पदयात्राह्न कर रहे हैं । प्रथम चरण में इनेलो की यह परिवर्तन यात्रा चार महीने तक अलग- अलग विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के जरिये प्रदेश सरकार के घोटालों की पोल खोलने का काम करेंगे। नूंह से चलकर इनेलो यात्रा बुधवार को हथीन विधानसभा के मिंडकोला गांव से अलग -अलग गांव होते हुए घर्रोट गांव पहुंची। विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा यात्रा से प्रदेश से अन्य पाटीर्यों का सूपड़ा साफ होगा। भिवानी हत्याकांड पर कहा कि इस पूरे कांड में सरकार की रची हुई साजिश है चुनावों के नजदीक आते देख सरकार हिंदु-मुस्लिम का कार्ड खेल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिंदा युवकों को गौ रक्षक दल के गुंडों के हवाले कर दिया। इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला की हरियाणा परिवर्तन पदयात्रा जहां अब 6वें दिन में प्रवेश कर गई है तो वहीं बीते पांच दिनों के अंतराल में यह यात्रा करीब 100 किलोमीटर का फासला भी तय कर चुकी है। बुजुर्ग ने खड़े होकर अपने भाव दर्शाते हुए दोहराया कि जिस प्रकार ताऊ ने पदयात्रा करके इतिहास रचा तो आज बड़ी खुशी की बात ये है कि उनका पोता भी उन्हीं के राह पर है।



## जींद शहर में नगर परिषद की तीन सड़कें लोक निर्माण विभाग को हुई ट्रांसफर

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
जींद शहर की सड़कों का जल्द ही 25 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार होने जा रहा है। विधायक के प्रयासों से जींद शहर में नगर परिषद के अधीन आने वाली तीन सड़कों को अब लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर कर दिया गया है। शहर की सड़कों के जीर्णोद्धार को लेकर जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बुधवार को चंडीगढ़ में पीडब्ल्यूडी विभाग के ईआईसी से मुलाकात की और लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर की 25 करोड़ रुपये की प्रस्तावित सड़कों के निर्माण को लेकर जवाब-तलबी की। जिसमें नगर परिषद की अधीन आने वाली तीन सड़कें अब लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर कर दी गई है। जिससे अब इन सड़कों का निर्माण विधायक कोटे से होगा। शीघ्र ही सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा और लोगों को आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि देवीलाल चौक से रानी तालाब तक सड़क के निर्माण, दालमवाला अस्पताल से दिल्ली-भटिंडा रेलवे लाइन वाया रोहतक रोड, पटियाला चौक से ईक्कसतक सड़क का निर्माण तथा विस्तारीकरण शामिल है।

# जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व लेबर के साथ मारपीट

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
टोहाना के मेडिकल एन्कलेव में बुधवार को सीवरेज लाइन डालने के दौरान एक व्यक्ति द्वारा सम्बंधित विभाग के कर्मचारियों व ठेकेदार की लेबर के साथ हाथापाई करने और पिस्तौल दिखाते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस बारे जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में जनस्वास्थ्य विभाग टोहाना के उपमंडल अभियंता मनदीप ने कहा है कि टोहाना के मेडिकल एन्कलेव गली नंबर 4 में विभाग द्वारा सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। गत दिवस विभाग की टीम के सुपरवाइज रवि कुमार के साथ ययाति शर्मा नामक व्यक्ति ने गाली गलौच की और हाथापाई करने लगा। अधिकारी ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने सुपरवाइजर के साथ न केवल मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी देते हुए सरकारी काम में भी बाधा पहुंचाई। अधिकारी ने कहा कि आरोपी मौके पर कार्यरत अन्य स्टाफ को जान से मारने की धमकी देता है और बार-बार परेशान कर रही है।

> 8 आरोपी मौके पर कार्यरत अन्य स्टाफ को जान से मारने की धमकी देता है और बार-बार परेशान कर रही है

# ठाकुर बीरसिंह पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
**यहां** पहुंचे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भाजपा में घुटन की चचाओं को सिरे से नकारा। उन्होंने कहा कि भाजपा में उनकी रूचि है और मोदी में आस्था। बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को उन्होंने कोरोना को जिम्मेदार बताया। वे बुधवार को यहां ठाकुर बीर सिंह पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे थे। राव इंद्रजीत सिंह ने स्व. ठाकुर बीर सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान ठाकुर बीरसिंह के परिजनों व भाजपा नेताओं द्वारा उनका गर्म जोशी से स्वागत किया गया। राव इंद्रजीत सिंह ने भरोसा दिलाया कि ठाकुर बीरसिंह पार्क का सौंदर्यकरण करने के लिए एमपी व डीसी को कहा है। इस दौरान राव इंद्रजीत सिंह ने बिरेंद्र सिंह द्वारा कई बड़े नेताओं के भाजपा में घुटन महसूस करने के सवाल पर कहा कि मेरी रूचि भाजपा में है और मोदी में आस्था। मेरे बारे में कोई ऐसे सोचे तो गलत है। साथ ही बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के लिए उन्होंने कोरोना काल को जिम्मेवार बताया। राव ने कहा कि हमारा दुर्भाग्य था कि तीन साल कोरोना काल में निकल गए, तब हमारे मुल्क ही नहीं पूरी दुनिया पर आर्थिक मार पड़ी। पर मोदी की वजह से हमारे मुल्क ने दुसरे मुल्कों की तुलना में तेजी से आर्थिक हालात सुधारें और आज हमारे मुल्क को समृद्ध मुल्क माना जाता है। इसका श्रेय केवल मोदी को जाता है।



# 'बाहरी को हरियाणा में नौकरियां देने के लिए नियमों में फेरबदल कर रही सरकार'

## लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने की कोशिश कर रही है, जबकि प्रजातंत्र में लाठी और गोली के जोर पर सरकार नहीं चल सकती

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पंचकूला में पंचायत प्रतिनिधियों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि सरकार लगातार लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने की कोशिश कर रही है। जबकि प्रजातंत्र में लाठी और गोली के जोर पर सरकार नहीं चल सकती। इसके लिए जनता से संवाद और उसका सहयोग जरूरी है। इस सरकार ने पहले किसानए फिर जवानए उसके बाद कर्मचारी और अब पंच.सरपंच पर लाठियां बरसाई। आने वाले चुनाव में जनता इस अत्याचार का बदला वोट की चोट से लेगी। वे बुधवार को जींद शहर में कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि आज किसान, मजदूर, कर्मचारी से लेकर पंच, सरपंच, प्रदेश का हर वर्ग बीजेपी.जेजेपी के खिलाफ आंदोलनरत है। हर महीने किसी ना किसी वर्ग पर लाठीचार्ज की खबरें आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि इस सरकार से जनता का मोहभंग हो चुका है और यह सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने में पूरी तरह नाकाम है। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने चुनावी घोषणा पत्र के किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। गठबंधन सहयोगी बीजेपी ने 5100 रुपये बुढ़ापा पेंशन देने, ओपीएस लागू करने, एमएसपी गारंटी का कानून बनाने जैसे वादे करके लोगों के वोट हासिल किए थे लेकिन सत्ता में आने के बाद इन वादों को भुला दिया गया। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान गरीब परिवारों को 100-100 गज के प्लॉटए पानी की टंकी और मुफ्त बिजली, पानी कनेक्शन दिए गए थे। लेकिन अब बीजेपी.जेजेपी सरकार द्वारा इन परिवारों को हजारों रुपये के बिल थमाए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनने पर इन तमाम बिलों को माफ किया जाएगाए जिस तरह कांग्रेस ने किसानों के 1600 करोड़ के बिजली बिल माफ किए थे। इसी तरह एकबार फिर गरीब परिवारों को राहत दी जाएगी।

> 8 किसान, मजदूर, कर्मचारी से लेकर पंच, सरपंच, प्रदेश का हर वर्ग बीजेपी.जेजेपी के खिलाफ आंदोलनरत है

# नव आयुक्त अभिषेक मीणा ने नगर निगम में किया ज्वाईन

## शहर की स्वच्छता, निगम की आय बढ़ाना तथा नागरिकों को समय पर बेहतर सेवाएं मुहैया करवाना रहेंगी प्राथमिकताएं



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा सरकार** द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में 2016 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक मीणा ने बुधवार को अपरान्ह, निगमायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व वे फरीदाबाद में अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम तथा फरीदाबाद स्मार्ट सिटी में अतिरिक्त सीईओ के पद पर कार्यरत थे। निगम आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना, निगम की आय में बढ़ौतरी तथा नागरिकों को समय पर व बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद निगमायुक्त ने प्रॉपर्टी टैक्स और शॉप रेंट शाखा की मीटिंग लेकर उनके प्रभारियों को बेहतर कारगुजारी के जरिए नागरिकों और निगम के सम्बंधों को सहज बनाने पर त्वज्जो देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनडीसी पोर्टल पर जो भी आपत्तियां डाली जाती हैं, उनपर तत्काल रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। राईट टू सर्विस एक्ट का ध्येय भी तभी पूरा होगा, निगम की छवि ओर निखरेगी। सभी लोगों को प्रोसिजर का पता नहीं होता, यह बताना आपका काम है, कितना समय लगेगा इसकी भी सम्बंधित प्रार्थी को जानकारी दें, ताकि उसे अनावश्यक रूप से निगम के चक्कर न लगाने पड़े। इस संदर्भ में उन्होंने निगम कार्यालय में एक हैल्प डैस्क स्थापित करने की आवश्यकता की भी बात कही।

सभी प्रॉपर्टी आई.डी. के मुकम्मल इंटीग्रेशन पर दिया जोर- निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने इस बात पर जोर दिया कि बकायादारों की जितनी भी प्रॉपर्टी आई.डी. हैं, उनके इंटीग्रेशन का काम चालू मास में ही मुकम्मल हो जाना चाहिए, ताकि अप्रैल से ही नए वित्तीय वर्ष के नोटिस डिलीवरी का काम शुरू किया जा सके। इससे आगामी वर्ष का सही डाटा भी तैयार हो सकेगा और रिकवरी भी सम्भव होगी।

पोर्टल पर आई आपत्ति और उनके समाधान के जेडटीओ ने बताए आंकड़े- जेडटीओ ने निगमायुक्त को अवगत कराया कि एनडीसी पोर्टल पर अब तक 21 हजार 75 आपत्तियां डाली गई, जिनमें से 12 हजार 911 का समाधान कर दिया गया है, 1536 पैंडिंग है, जबकि 6628 आपत्तियों में दस्तावेजों की कमी पाई गई, फिलहाल उन्हें रिजेक्ट किया गया है। सही दस्तावेजों के साथ दोबारा आपत्तियां डालने पर उनका भी समाधान किया जाएगा।

शॉप रेंट शाखा की करी समीक्षा- इसके पश्चात निगमायुक्त ने शॉप रेंट ब्रांच की समीक्षा की। सालाना डिमांड और उसके फलस्वरूप कितनी रिकवरी हुई, उसकी जानकारी ली। रेंट सहायक ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के शॉप रेंट की डिमांड 1 करोड़ 20 लाख रुपए की थी, अब तक 1 करोड़ 84 लाख रुपए की रिकवरी की जा चुकी है, इसमें निगम द्वारा डिफाल्टर किराएदारों के खिलाफ की गई सिलिंग कार्रवाई से प्राप्त रिकवरी भी शामिल है। उन्होंने बताया कि निगम की कुल 690 दुकाने शॉप रेंट के अधीन हैं, इनमें से 271 ने स्वामित्व योजना के तहत अप्लाई किया था। 35 किराएदारों को स्वामित्व बनाने की कार्रवाई की जा रही है, 19 को डिमांड नोटिस दिए गए हैं। इनमें से अब तक करीब 10 किराए दुकानदारों ने पूरा अमाउंट जमा करवा दिया है। शेष किराएदार निश्चित समयावधि में पैसा जमा नहीं करवाएंगे, तो उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन किराएदारों ने अब तक स्वामित्व योजना में अप्लाई नहीं किया, योजना की शर्तों अनुसार उनके रेंट रिवाईज कर दिए जाएं।

## गांव काछवा में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** बाल संरक्षण यूनिट तथा चाईल्ड लाईन के सौजन्य से बुधवार को काछवा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला बाल संरक्षण यूनिट की ओर से संस्थागत अधिकारी सुमन नैन द्वारा बच्चों को विभागीय स्कीम तथा बाल आश्रम के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पूनम श्योरायण द्वारा बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव तथा साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। चाइल्ड लाईन की ओर से कोरडिनेटर सुदेश तथा टीम मैबर सरोज द्वारा नशाखोरी तथा 109 8बच्चों से संबंधित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी पूर्ण रूप से दी गई। विद्यालय की ओर से अध्यापिका विद्योत्तमा द्वारा बच्चों को नैतिक मूल्य तथा अनुशासन की जानकारी दी गई।

## न्यूज फ्लैश

### 20 को देशभर के किसान करेंगे संसद कूच : रतनमान



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भारतीय** किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से किसानों से किए गए समझौते को लागू न करके एक बार फिर किसान आंदोलन करने के लिए किसान समुदाय को मजबूर कर रही है। दिल्ली आंदोलन में हुए लिखित फैसले को संयुक्त किसान मोर्चा लगातार लागू किए जाने की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार टस से मस नही हो रही है। सरकार के इस किसान विरोधी रवैये से आहत होकर देशभर के किसान संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले एकत्रित होकर आने वाली 20 मार्च को संसद कूच करने की तैयारियां शुरू कर दी है।

स्थानीय किसान भवन में आयोजित की गई जिला स्तरीय किसान पंचायत को संबोधित करते हुए रतनमान ने कार्यकताओं को संसद कूच को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसी सिलसिले को लेकर भाकियू ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की वादाखिलाफी व एमएसपी पर खरीद गारंटी कानून न बनाने तथा बिजली व पराली जलाने का बिल वापिस नहीं लेने तथा लखीमपुर खिरी कांड में न्याय न देने सहित अन्य मांगों को पूरा कराने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 20 मार्च को दिल्ली में संसद कूच करने का निर्णय लिया गया है। जिसको कामयाब बनाने के लिए किसान भवन में भाकियू के तत्वाधान में मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया गया। किसान पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह घुममन ने की। इस दौरान उपस्थित किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करके रोष जाहिर किया। किसान पंचायत में संसद कूच को लेकर भाकियू कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। रतनमान ने कहा कि प्रदेशभर में संसद कूच को लेकर किसानों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है, जिसके चलते किसानों से जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया गया है। भाकियू नेता लगातार लोगों को सरकार की किसान विरोधी नीतियों की पोल खोल रहे है। गांव-गांव पहुंच कर भाकियू कार्यकताओं की टीमें 20 मार्च को दिल्ली पहुंचने की जोरदार अपील कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों ने अपनी मांगों को लेकर करीब सवा साल पहले दिल्ली के बॉर्डरों पर लगातार 13 महीने तक आंदोलन किया था। इस आंदोलन के दौरान किसानों को बदनाम करने के प्रयास किए गए। लेकिन किसान एकता के सामने सरकार में बैठे हुए भाजपा नेताओं की कूचालें कामयाब नहीं हुई।आखिरकार प्रधानमंत्री ने माफी मांगकर तीन कृषि कानूनों को वापिस लेने का ऐलान किया था। इसके साथ साथ किसानों की अन्य मांगों को सरकार द्वारा मान लिए जाने की घोषनाएं भी की थी। सरकार की ओर से आज तक घोषित घोषणाओं को आज तक अमलीजामा नही पहनाया गया है। न तो एमएसपी पर खरीद गारंटी कानून बनाया गया और न ही बिजली बिल 2020 और पराली जलाने सहित अन्य किसान विरोधी कानूनों को वापस नहीं लिया गया। किसान पंचायत में उपस्थित किसान नेताओं ने केंद्र में शासित भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार किसान हितेषी होने की झूठी एवं नकली बातें कर रही है। जमीनी हकीकत में सरकार के वायदे हवा हवाई हो रहे है। किसान नेताओं ने जोर देकर कहा कि किसानों में सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर गहरा आक्रोश पनप रहा है। रतनमान ने जोर देकर कहा कि अब किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेताओं के बहकावे में नहीं आएंगे। अब किसान अपना हक लेकर रहेंगे वरना लोकतंत्र में वोट की ताकत से झूठ बोलने वालों को बड़ा सबक सिखाएंगे। इस अवसर पर भाकियू के प्रदेश सरंक्षक प्रेमचंद शाहपुर, प्रदेश संगठन मंत्री शाम सिंह मान, जिला प्रवता सुरेंद्र सागवान, जिला सरंक्षक बाबूराम डाबरथला, अंग्रेज सिंह लाठर, हुकम सिंह दादुपुर, रणबीर सिंह कतलाहेड़ी, सुनील नली खुर्द, जोगिंद्र सिंह झिंडा, कृष्ण जागलाल, कलेकटर सिंह राणा, युवा नेता मंजीत मान, मेहताब सिंह विर्क, सतबीर सिंह गढ़ी बीरबल सहित काफी सख्यां में किसान मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि पर पेश किया महामृत्युंजय मंत्र, जिसे सोनू निगम जी ने आवाज दी

**सोनीपत।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन – जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया। इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक 'मोक्ष' मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीघार्यु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है। महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, "बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की २ भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है।" लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओ, राजन नवानी ने कहा, हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हनुमान चालीसा की अद्भुत सफलता ने हमें अपने श्रोताओं के लिए इस तरह के और अधिक गहरे अनुभव लाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमें उम्मीद है कि दर्शक महामृत्युंजय मंत्र के प्रति भी अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे। इसके अतिरिक्त, यह साझेदारी जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के विकास को गति देगी क्योंकि हम इस क्षेत्र में निवेश करना जारी रखेंगे। दर्शक साल भर में हमसे कुछ शानदार लॉन्च की उम्मीद कर सकते हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

## जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने वाले अधेड़ की शिनाख्त हुई

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**रहस्यमय** हालत में राजलू गढ़ी-गन्नौर के बीच जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मृतक अधेड़ व्यक्ति की पहचान अनूप शर्मा (52) के तौर पर हुई। मृतक अगवानपुर रेलवे फाटक पर गेटमैन की लंबे समय से नौकरी कर रहा था और नर्सरी के पास में बने सरकारी क्वार्टर में अपने परिवार के साथ रहता था। मृतक मंगलवार को घर से सुबह 8 बजे निकला था जब देर रात तक वापिस नही आया तो परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन रात को उसका कही भी पता नही चला। अगले दिन जीआरपी पुलिस ने परिजनों को अवगत करवाया तो मृतक की पहचान अनुप शर्मा के रूप में हुई। मृतक के बेटे शुभम के बयान पर जीआरपी पुलिस ने 174 की कार्रवाई की है। गन्नौर जीआरपी पुलिस चौकी से एएसआई भगत राम ने बताया कि मंगलवार की सुबह जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त न होने पर शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। मृतक के परिजन पुलिस के पास देर रात को पहुंचे तो तक अनूप (52) गेटमैन के तौर पर शिनाख्त हुई।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर द्वारा बुधवार को जिला कारागार में स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 12 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया और उसमें से 6 केसों में जुर्म कबूलने के बाद अंडरगोन किया गया।

सीजेएम ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय 3 लाख रुपये से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है।

जेल लोक अदालत में सुपरिंटेंडेंट जिला जेल अमित भादू, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित थी। अमित भादू ने सीजेएम सुश्री जसबीर को आश्वस्त किया कि हम सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## भाजपा की नीतियों में विश्वास करके युवा ज्वाइन कर रहे भाजपा: योगेंद्र राणा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**माल** रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन से भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम मे सेंकडों की संख्या मे युवाओं ने भाजपा पार्टी की नीतियों मे अपनी आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनमे मुख्य रूप से मनोज, ललित, मनीष, अनुज शर्मा, रमेश, कुलदीप चौहान, नवीन, दीपक चौहान, विक्की टंडन, गुलशन चौहान आदि मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने पार्टी से जुडे युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पुनर्निमाण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ बडी संख्या में लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में राष्ट्रवादी सोच के साथ जाति, धर्म से ऊपर उठकर लोग भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। आज हम अपने लक्ष्य से कहीं ज्यादा लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने में सफल रहे है। उन्होंने कहा कि आज जो नौजवान पार्टी से जुडकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं, वही भविष्य की भाजपा है। यही नौजवान आगे चलकर पार्टी का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संजय मदान, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सतीश गोयल, जनरल सेक्रेटरी राजकुमार सैनी, राम नगर मंडल प्रभारी कुलदीप शर्मा, अर्बन मंडल महामंत्री रमेश गिल, शहरी मंडल महामंत्री निर्मल बहल, अर्बन मंडल कोषाध्यक्ष दीपक बरेजा सहित अन्य मौजूद रहे।

## ड्यूटी से घर लौट रहे एसपीओ की बाइक को कार चालक ने मारी टक्कर, एसपीओ घायल

**गन्नौर:** ड्यूटी से घर लौट रहे राई थाने के एसपीओ को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एसपीओ हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल एसपीओ की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरिओम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया को वो राई थाना में बतौर एसपीओ तैनात है और वो 28 फरवरी को अपनी ड्यूटी के बाद अपनी बाइक पर सवार होकर अपने घर गांव खूबडू लौट रहा था।

## पश्चिमी यमुना नहर में डूबने से छात्रा की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**काछवा** रोड पर बनी पश्चिमी यमुना नहर में एक छात्रा ने छलांग लगा दी। छात्रा को नहर में कूदता देख कुछ लोगों ने उसको बचाने का भी प्रयास किया, लेकिन वह उसने निकाल नहीं पाए। देखते ही देखते छात्रा पानी में ओझल हो गई। वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा का नाम सिया है। वह गांव काछवा की रहने वाले थी। सिया खालसा कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। पिछले करीब एक सप्ताह से वह कॉलेज भी नहीं जा रही थी। आज दोपहर को वह घर पर बिना किसी को बताए करनाल आ गई और काफी देर तक नहर पर ही घूमती रही। दोपहर बाद अचानक सिया ने नहर के पुल से पानी में छलांग लगा दी।

सिया द्वारा जब नहर में छलांग लगाई तो वहां पर बाइक से पुंडरक निवासी अजय भी गुजर रहा था। सिया को नहर में डूबते देख वह भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद गया। जब वह सिया को बाहर निकाल रहा था तो उसने बाहर आने से मना कर दिया। जब अजय ने उसे नहीं छोडा तो उसने अजय की ही गर्दन को पकड लिया। अजय ने अपने आप को बचाने के लिए सिया को छोड दिया। इसके बाद वह देखते ही देखते पानी में डूब गई।

परिजनों ने बताया कि सिया की मां की 6 माह पहले ही मौत हो चुकी है। दो दिन पहले किसी बात को लेकर घर पर विवाद हुआ था, जिससे वह परेशान चल रही थी। दो दिन वह कॉलेज भी नहीं जा रही थी। बुदवार को उसे अपनी मौसी के घर जाना था, लेकिन वह दोपहर को ही बिना किसी को बताए घर आ गई और नहर में छलांग लगा दी।

## स्वास्थ्य की रक्षा में सूक्ष्म योग क्रियाओं का बड़ा महत्वः दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत गुलमोहर पार्क, सेक्टर 13 में 1 मार्च से 4 मार्च तक चार दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस निशुल्क कक्षा में कोई भी व्यक्ति आकर योग का लाभ ले सकता है। उन्होंने योग साधकों को सामूहिक रूप से सूक्ष्म योग क्रियाएं और आसनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि इस बदलते मौसम में शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाने के लिए योग बहुत आवश्यक है। स्वास्थ्य की रक्षा में सूक्ष्म योग क्रियाओं का बड़ा महत्व है। यह शरीर के आलस को दूर कर स्फूर्ति प्रदान करती है। खुले आसमान के नीचे, सुंदर प्रकृति और शुद्ध हवा में यौगिक क्रियाऐं करने का आनंद ही कुछ और है। सूक्ष्म व्यायाम से शरीर के जोड़ों को मजबूती मिलती है, शरीर में व्याप्त जकड? कम होती है, शरीर हल्का होता है और पूरे दिन के लिए शरीर जोश से भर उठता है।

## विधायक ने पुलिस अधिकारियों से बात कर दुकानदार को दिया आश्वाशन

**गन्नौर:** पांची जाटान रोड पर गांधी नगर मार्किट में किरयाना के दुकानदार को हथियार दिखाकर पैसे ले जाने वाले लूटेरों की गिरफ्तारी को लेकर विधायक निर्मल चौधरी उसकी दुकान पर पहुंची और किरयाना दुकानदार अमित मदान से मुलाकात को भरोसा दिलवाया की लूट के आरोपित को शीघ्र गिरफ्तार करवाने का प्रयास है। विधायक ने कहा कि वे ऐसे समय में उनके साथ है। आपको घबराने की जरूरत नही है। विधायक ने मामले को लेकर एसीपी आत्मराम से बातचीती की। ज्ञात रहे कि पांची रोड पर गांधी नगर मार्किट के दुकानदार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपनी दुकान पर शाम को तैनात था।

## अनजान नंबर से आए वीडियो कॉल से रहें सावधान रहें: गंगाराम पूनिया

### गृह मंत्रालय, भारत सरकार भी लोगों को साइबर अपराधों से बचाने व जागरूक करने के लिये सकारात्मक कदम उठा रहा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस** अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने बताया कि आज के इस तकनीकी युग में तरह-तरह के साइबर अपराध सामने आ रहे हैं, जिनके प्रति हमें सचेत रहने की आवश्यकता है। क्योंकि साइबर अपराध किसी भी व्यक्ति के साथ हो सकता है। इसलिए खुद को साइबर अपराधों के प्रति सचेत रखें। कोई भी अन्जान व्यक्ति आपके साथ आपके भले के लिए कोई कार्य कर रहा है तो वह आपको झांसा देकर आपके साइबर धोखाधडी को अन्जाम दे सकता है। उन्होंने बताया कि साइबर क्रिमनल झूठी लॉटरी या टैक्स रिफंड, ऑनलाइन फर्जी जॉब ऑफर्स, केवाईसी को अपडेट करने, बैंक खाते के निलंबन या सिम की वैद्यता समाप्ति बारे में फर्जी एसएमएस और कॉल या मैसेज करके लोगो को बेवकूफ बनाकर उनके साथ धोखाधडी करते हैं। इस प्रकार के लुभावने आफर्स से बचें। किसी अन्जान व्यक्ति की बातों में आकर अपनी निजी जानकारी बैक खाता या ओटीपी इत्यादि शेयर न करें। एसपी ने बताया कि आजकल कुछ साइबर क्रिमनल सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनके साथ मैसेज से बातचीत करते हुए फिर



व्हाट्सएप नम्बर प्राप्त करके विडियो कॉल करते है और स्क्रीन रिकार्डिंग करके अभद्र विडियो बनाकर आपको ब्लैकमेल करते हैं। इसलिए किसी भी अन्जान नम्बर से कोई विडियो कॉल आती है तो सावधान रहें और कॉल ना उठायें व उस नम्बर को ब्लाक कर दें। इसके अलावा जानकारी दी कि साइबर क्रिमनल अलग-अलग तरीके के माध्यम से धोखाधडी करनें हेतु ताक लगाकर बैठे है, जो कभी भी आपके साथ किसी भी प्रकार का झांसा देकर आपके साथ धोखाधडी कर सकते हैं।

गंगाराम पूनिया ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम व साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिये जिला पुलिस के सभी पुलिस थानों में अलग से एक-एक साइबर डैस्क स्थापित की गई हैं। इन साइबर डैस्कों पर जाकर कोई भी व्यक्ति साइबर अपराध से संबंधित मदद ले सकता है और साइबर अपराध होने पर अपनी शिकायत कर सकता है। साइबर डैस्क के अलावा प्रत्येक पुलिस जिले में साइबर अपराध थाने खोले गए हैं। यंहा से भी साइबर अपराध से संबंधित किसी भी प्रकार की मदद ले सकते हैं और इससे संबंधित अपनी शिकायत दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार भी लोगों को साइबर अपराधों से बचाने व जागरूक करने के लिये सकारात्मक कदम उठा रहा है। इसके लिये राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल बनाया गया है।

## संपादकीय

# गर्मी से बचके रहना रे बाबा

**वर्ष** 1987 में रिलीज हुई हिंदी पिक्चर फिल्म सिंदूर का आनंद बख्शी द्वारा लिखा गया गीत पतझड़ सावन बसंत बहार एक बरस के मौसम चार हमने सुने हैं जो सृष्टि की सदियों पुरानी संस्कृति थी। परंतु आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से पूरी दुनिया विपदाओं से घिरी हुई है। एक जमाना था जब गर्मी सर्दी बारिश का मौसम चार चार महीनों में समय पर बदलता था परंतु शायद हम मानवीय मनमानी और भूलों के ही कारण जलवायु परिवर्तन के रूप में हमें दिख रहा है। अब इन तीनों मौसमों का अंदाज ही बिगड़ गया है। कब कौनसा मौसम कैसा भर आएगा पता नहीं चलता। बस कुदरत का कहर मानकर चला जा रहा है, परंतु आज अब मानवीय सजगता का ही फल है कि जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता हुआ है। हम इस दिशा में तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं आने वाले जलवायु परिवर्तनों की विपत्ति का पूवार्नुमान कर हम उसके लिए अलर्ट हो जाते हैं। जैसा कि भारत में दिनांक 28 फरवरी 2023 को केंद्र सरकार के सचिव ने सभी राज्यों को गर्मी से बचने एडवाइजरी अलर्ट जारी किया है इस बार मौसम का अंदाज बदला-बदला सा नजर आ रहा है और गर्मी के तेवर अभी से दिखने लगे हैं। अभी से तापमान 33 डिग्री तक पहुंच चुका है और फरवरी का मौसम अप्रैल जैसा अहसास दिला रहा है। इससे अनुमान है कि इस बार गर्मी जमकर कहर मचाएगी और लोगों को खूबझुलसाएगी। गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों के संबंध में आज केंद्र सरकार ने एडवाइजरी भी जारी कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गर्मी के अनुमानित कहरी तेवर बनाम सरकारी तैयारियों का मास्टर स्ट्रोक। साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा जारी एडवाइजरी की करें तो उन्होंने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों पर दैनिक निगरानी के संबंध में पत्र लिखा है। इसे 1 मार्च से लागू किया गया है। इसमें उन्होंने लिखा है - 1 मार्च, 2023 से सभी राज्यों और जिलों में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के तहत गर्मी से संबंधित बीमारियों को लेकर दैनिक निगरानी एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएच आईपी) आयोजित की जाएगी। गर्मी के मौसम से पहले कुछ स्थानों पर तापमान में असामान्य बढ़ोतरी के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गर्मी से निपटने के लिए अलर्ट जारी किया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि फरवरी के महीने में भीषण गर्मी से बचने के लिए सरकार को एडवाइजरी जारी करनी पड़े। चिट्ठी में कहा गया है कि भारत के कई हिस्सों में अभी से ही सामान्य तरीके से तापमान बढ़ गया है, ऐसे में सरकार के नेशनल क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम के मद्देनजर डाटा इकट्ठा किया जाए, कि किस राज्य और किस जिले में कितने लोग गर्मी के शिकार होकर बीमार पड़ रहे हैं, या फिर जान गवां सकते हैं। उसके अलावा अस्पतालों से कहा गया है कि गर्मी से होने वाली बीमारियों को देखते हुए जरूरी दवाओं का स्टॉक, ओआरएस के पाउच, और बाकी सामानों को अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में इकट्ठा कर लिया जाए।गर्मी से होने वाली बीमारियों की सर्विलांस देशभर में करने के लिए कहा गया है। सरकार ने गर्मी से बचने के लिए आम लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है।

# रायपुर अधिवेशन से कांग्रेस को क्या मिला !

तारकेश्वर मिश्र

"कांग्रेस ने फिलहाल तीन माह की समय-सीमा तय की है, जिसके दौरान लड़ाई की दिशा और दशा स्पष्ट हो जानी चाहिए। इस अवधि के दौरान कांग्रेस की लड़ाई प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा, आरएसएस, नफरत और डर, संविधान और लोकतंत्र के खात्मे, सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग आदि तक ही सीमित रहेगी अथवा व्यापक सामाजिक-आर्थिक, राष्ट्रीय मुद्दों के लिए भी संघर्ष किया जाएगा, यह तीन माह के दौरान स्पष्ट होता रहेगा। लड़ाई का सबसे महत्वपूर्ण कुरुक्षेत्र तय किया गया है-अडानी रूपी ईस्ट इंडिया कंपनी। यानी प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के आपसी रिश्तों और उनसे बर्बाद होते देश पर कांग्रेस आक्रामक रुख अख्तियार करेगी। इसके जरिए भाजपा के परंपरागत राष्ट्रवाद वाले मुद्दे में छेद करने के प्रयास भी किए जाएंगे"

**कांग्रेस** का रायपुर महाधिवेशन से खत्म हो चुका है। ऐसे में सवाल यह है कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन से कांग्रेस को हासिल क्या हुआ। इस अधिवेशन के द्वारा कांग्रेस पार्टी ने जो हुंकार भरी है उससे साफ हो गया है कि हमें लडना है। संघर्ष करना है। रोते रहने से कुछ हासिल नहीं होगा, लिहाजा हमें मंडल से राष्ट्रीय स्तर तक कई लड़ाइयां लडनी हैं। इस लड़ाई में जो राहुल गांधी के साथ नहीं चल सकते या संघर्ष करने को तैयार नहीं हैं, वे एक तरफ हो जाएं। कांग्रेस ने फिलहाल तीन माह की समय-सीमा तय की है, जिसके दौरान लड़ाई की दिशा और दशा स्पष्ट हो जानी चाहिए। इस अवधि के दौरान कांग्रेस की लड़ाई प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा, आरएसएस, नफरत और डर, संविधान और लोकतंत्र के खात्मे, सरकारी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग आदि तक ही सीमित रहेगी अथवा व्यापक सामाजिक-आर्थिक, राष्ट्रीय मुद्दों के लिए भी संघर्ष किया जाएगा, यह तीन माह के दौरान स्पष्ट होता रहेगा। लड़ाई का सबसे महत्त्वपूर्ण कुरुक्षेत्र तय किया गया है-अडानी रूपी ईस्ट इंडिया कंपनी। यानी प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के आपसी रिश्तों और उनसे बर्बाद होते देश पर कांग्रेस आक्रामक रुख अख्तियार करेगी। इसके जरिए भाजपा के परंपरागत राष्ट्रवाद वाले मुद्दे में छेद करने के प्रयास भी किए जाएंगे। जिस तरह ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी, उसी तरह देश के आर्थिक संसाधनों को निगल रही अडानी की कंपनियों और उनके जरिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर राजनीतिक प्रहार किए जाएंगे। इसमें नया क्या है? यदि यही सब कुछ करना था, तो रायपुर महाधिवेशन बुलाने और उस पर करोड़ों रुपए फूंकने की जरूरत क्या थी? महाधिवेशन के दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्षों-सोनिया और राहुल गांधी-मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के भाषणों में वही शब्द, वही तेवर, वही मुद्दे छाए रहे, जो लंबे समय से बोले जा रहे हैं। संसद के भाषणों में भी वही सब कुछ कहा गया, जो महाधिवेशन के दौरान लगातार दोहराया जाता रहा। फर्क इतना-सा ही रहा कि मौजूदा कालखंड में कांग्रेस के संदर्भ में हुंकार और लड़ाई जैसे शब्द पहली बार इतना गूंजे। भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा भाग अरुणाचल प्रदेश से शुरू होकर गुजरात के पोरबंदर, महात्मा गांधी



की जन्मस्थली, में समाप्त होगा, यह खबर तो कुछ दिन पहले टीवी चैनलों और अखबारों के जरिए सार्वजनिक हो चुकी है। इसमें भी नया क्या था? इसके अलावा महंगाई, बेरोजगारी, सूक्ष्म-लघु उद्योगों के जरिए रोजगार, आर्थिक असमानता खत्म हो, अन्नदाता भूखा न सोए, लोगों के अधिकारों की रक्षा, संस्कृति-संविधान-लोकतंत्र की रक्षा आदि जो लक्ष्य महाधिवेशन के दौरान कांग्रेस ने तय किए हैं, तो पार्टी जरा देश को बताए कि इनमें नया मुद्दा कौन-सा है तथा उसे हासिल कैसे किया जा सकता है। इन मुद्दों की लंबी सूची कांग्रेस मुख्यालय 24, अकबर रोड से जारी की जा सकती थी। जिला, मंडल अध्यक्षों के लिए समय-सीमा तय की जा सकती थी। महाधिवेशन की जरूरत क्या थी? कांग्रेस ने इतना जरूर किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव पर मुहर लगाई गई। शीर्षस्थ कांग्रेस कार्यसमिति में 23 के स्थान पर अब 35 सदस्य मनोनीत किए जाएंगे। अध्यक्ष उन्हें मनोनीत करेंगे। एआईसीसी सदस्यों की संख्या बढ़ा कर 1653 की गई है और पार्टी में 50 फीसदी पद उनके लिए आरक्षित होंगे, जिनकी उम्र 50 साल से कम होगी। अब यह देखना गौरतलब होगा कि ये नौजवान कांग्रेसी कौन होते हैं और वे पार्टी के लिए कितना कारगर साबित होते हैं? यह भी स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस विपक्षी एकता के लिए किसी भी स्तर पर झुकने को तैयार है। अब कांग्रेस के फैसलों से 2024 की राजनीति के मानक तय किए जा सकते हैं।

महाअधिवेश के इतर देखे तो कांग्रेस आलाकमान की चिंताएं बढ़ाने के कई कारण हैं। लेकिन लगता है आलाकमान ने उनसे मुंह फेर रखा है। चार साल पहले की बत करे तो 2019 में नरेंद्र मोदी के दोबारा सत्ता में आने के बाद राहुल ने अध्यक्ष पद त्याग तो दिया किंतु गांधी परिवार ने कमान अपने पास ही रखी और श्रीमती गांधी कार्यकारी अध्यक्ष बन गईं। हालांकि राहुल लगातार दोहराते रहे कि परिवार का कोई सदस्य उक्त पद पर नहीं बैठेगा। लेकिन संगठन पर पूरा नियंत्रण उसी का बना रहा। उस दौरान कांग्रेस को अनेक राज्यों के चुनावों में मुंह की खानी पड़ी। पंजाब उसके हाथ से निकल गया। प. बंगाल में तो उसका सफाया हो गया। उत्तराखंड और गोवा में भी निराशा हाथ लगी। पंजाब में तो पार्टी विभाजित हो गई और वही कहानी राजस्थान में दोहराए जाने के हालात हैं। जहां गांधी परिवार के विश्वस्त अशोक गहलोत ने हाईकमान को अंगूठा दिखाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से इंकार करते हुए राज्य की सत्ता न छोडने का ऐलान कर दिया। गहलोत समर्थक विधायकों ने सामूहिक त्यागपत्र देकर सरकार गिराने तक की स्थिति बना दी और हाइकमान असहाय बना रहा। लेकिन इसके पहले से ही पार्टी में असंतोष के स्वर उठने लगे थे। जी 23 नामक समूह ने अध्यक्ष सहित कांग्रेस वर्किंग कमेटी के चुनाव हेतु पत्र लिखकर उसे सार्वजनिक भी कर दिया। बिना किसी का नाम लिए परिवारवाद के विरुद्ध टिप्पणियां होने लगीं। जाहिर था राहुल की विफलताओं के मद्देनजर जी 23 ने ऊर्जावान नेतृत्व को आगे बढ़ाने का अभियान छेड़ा। लेकिन असफलता हाथ लगने पर उनमें से अनेक पार्टी छोड़कर चलते बने। कैप्टन अमरिंदर सिंह, सुनील जाखड़ , गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल, आरपीएन सिंह वे नाम हैं जो बीते दो साल में पार्टी छोड़ बैठे। गुजरात में हार्दिक पटेल भी उसी कतार में शामिल हो गए। इससे निपटने के लिए गांधी परिवार ने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव का ऐलान और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जैसे दो कदम उठाए। पहले का मकसद असंतुष्टों को ये बताना था कि उसकी संगठन पर काबिज रहने की मंशा नहीं है। लेकिन जब श्री गहलोत पीछे हटे तो श्री खरगे पर दांव लगा दिया गया। उधर राहुल यात्रा पर निकल पड़े ये दर्शाने के लिए मानो वे पूरी तरह निर्लिप्त हों। हालांकि श्रीमती गांधी के श्री खरगे के साथ खड़े हो जाने से पूरी पार्टी को ये संदेश दे दिया गया कि प्रथम परिवार उनके साथ है। इसीलिए शशि थरूर बड़े अंतर से हारे क्योंकि वे जी 23 समूह का हिस्सा थे। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से पूरा फोकस राहुल की यात्रा पर केंद्रित किया गया और इसीलिए यात्रा की चर्चा और प्रभाव कम होने के पहले ही अधिवेशन का आयोजन भी किया गया। जिसमें श्रीमती गांधी ने यात्रा को टर्निंग प्वाइंट बताकर ये जता दिया कि कांग्रेस को विजय पथ पर ले जाने की क्षमता उनके बेटे में ही है और उसे ये दायित्व देकर वे कार्यमुक्त हो रही हैं। वो अलग बात है कि कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं के समूह जी 23 में बचे खुचे नेताओं ने फिलहाल भले ही मौन साध रखा हो लेकिन ज्यादा समय तक ये स्थिति नहीं रहेगी। राजस्थान में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं किंतु गहलोत और पायलट का झगड़ा यथावत है। दूसरे राज्यों में भी संगठन की स्थिति अच्छी नहीं है। छत्तीसगढ़ में टी. एस.सिंहदेव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध मौके की तलाश कर रहे हैं वहीं म.प्र में मुख्यमंत्री के चेहरे पर बवाल है। लेकिन इस सब पर ध्यान दिए बिना भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की घोषणा कर दी गई। त्रिपुरा ,मेघालय और नागालैंड विधानसभा चुनाव की भी गुजरात जैसी उपेक्षा की गई । ऐसा लगता है कांग्रेस का पूरा ध्यान राहुल के नेतृत्व को चमकाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव पर लगा है।

**-उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतन्त्र पत्रकार।**

## कविता

### सच दूर से लौटकर आ जाते हम

**सच दूर से लौटकर आ जाते हम, दिल से**
**एक आवाज लगाई तो होती,**

**बहुत दूर नहीं थोड़े फासले में था मैं,**
**थोड़ी ही सही वफा दिखाई तो होती,**

**रफ्ता रफ्ता वक्त गुजर गया हाथों से,**
**कुछ दिल की सदा हमें सुनाई तो देती।**

**गुजारिश है लौट आओ तुम्हारे हम कदम हैं हम,**
**काश जुदाई में दोस्ती की गुंजाइश होती ।**

**बमुश्किल तुम्हें खुदा से मांगा था**
**तुमने भी खुदा को सफाई तो दी होती।**

**तैरने के हुनर से वाकिफ होता गर मैं,**
**यह दरिया में न जान डुबाई तो होती।**

**लो हम भी डूब हो जाते हैं उस दरिया में**
**तेरी मोहब्बत में जरा गहराई तो होती।**

**संजीव ठाकुर**

# पाक की मदद से पहले सोचे भारत

**आर.के. सिन्हा**

**पाकिस्तान में** आजकल भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गया है। बेरोजगारी, अराजकता और कठमुल्लों की करतूतों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। यह स्थिति दुखद और दुभार्ग्यपूर्ण है। अब हमारे यहां के कुछ उदारवादी यह कह रहे हैं, कि भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान की मदद करे। भारतीय गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत कह रहे हैं कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के अंत में किसी समय पाकिस्तान की ओर शांति का हाथ बढ़ाएंगे और पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश की मदद करेंगे। अब इन महानुभावों से पूछा जाना चाहिए कि जो मुल्क भारत पर 1948, 1965, 1971 और फिर कारगिल पर हमला कर चुका हो उसको लेकर इतना उदारता का रवैया अपनाने का क्या मतलब है। उसी पाकिस्तान की तरफ से मुंबई में 2008 में भीषण आतंकी हमला हुआ। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गया। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और मुंबई में कई स्थानों पर अचानक हमला कर दिया। 28 नवंबर तक ताज होटल को छोड़कर सभी हमले किये गए स्थलों को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया था। अगले दिन, एनएसजी कमांडो ने होटल में प्रवेश किया और आतंकवादियों को मार गिराया। पर उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जानें गईं और हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पाकिस्तान सरकार और उसकी धूर्त सेना का संरक्षण हासिल है। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को याद कर लें। पाकिस्तान की सरपरस्ती में सरहद पार से आए जेहादियों ने भारतीय सेना के पठानकोट तथा उरी के ठिकानों पर सुनियोजित हमले किए। हमारे यहां से पाकिस्तान को मदद देने की मांग भले ही हो रही है, पर क्या पाकिस्तान ने भारत से किसी तरह की कोई गुजारिश की है? अबतक तो नहीं। वहां के यूट्यूब चैनलों को देख लें। सब भारत तथा हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगलते हुए मिल जाएंगे। अब भी वहां पर भारत विरोधी शक्तियां हावी हैं। पाकिस्तान के खून में भारत तथा हिन्दू विरोध है। पाकिस्तानी सेना कभी भारत के साथ मैत्री नहीं करना चाहेगी। वहां की सेना पर किसी का जोर नहीं है। पाक सरकार का भी नहीं आप पाकिस्तान आर्मी के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाल लें। पता चल जाएगा कि वह किस हद तक भारत विरोधी रही है। पाकिस्तानी सेना पर पंजाबियों का वर्चस्व साफ है।

## विचार

# मानवीय जीवन के लिए प्रकृति के रक्षक की भूमिका में वन्यजीव

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**हर साल** 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस दुनियाभर में जैवविविधता और वन्यजीवों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस साल की थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी यह है। बड़े-बड़े जानवरों से लेकर किट-पतंगों तक, पृथ्वी पर जीवन की विशाल विविधता मानव जीवन और कल्याण में बहुत अधिक योगदान देती है। 50,000 जंगली प्रजातियां दुनियाभर में अरबों जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करती हैं। दुनिया में हर 5 में से 1 व्यक्ति आय और भोजन के लिए जंगली प्रजातियों पर निर्भर है, जबकि आज भी 2.4 अरब लोग खाना पकाने के लिए लकड़ी के ईंधन पर निर्भर हैं। अनेक गुणकारी पेड़-पौधे भी लुप्तप्राय प्रजातियों के समूह में आ गए हैं। पिछले 40 वर्षों में, वन्यप्रजातियों की आबादी में औसतन 60 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है। वर्तमान में 10 लाख से ज्यादा प्रजातियां खतरे में हैं। सभी को वर्तमान में मौजूद वन्यजीव, प्रजातियों और जलीय जीवन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना जरुरी है। पृथ्वी पर मानवी जीवन का अस्तित्व बनाए रखने के **लिए वन्यजीवों का संरक्षण बेहद आवश्यक है।**

**मनुष्य की लालसा चरम पर :-** जैसा कि हम सब जानते है कि दुनिया में मनुष्य से ज्यादा खुखार, धूर्त, लालची जानवर अन्य कोई नहीं है। आज प्रत्येक मनुष्य खुद के फायदे के लिए जद्दोजहद में लगा हुआ नजर आता है, चाहे उसके स्वार्थ के कारण अनेक मासूमों की जिंदगी तबाह क्यों न हो जाये। गांव उजड़ते जा रहे है, शहरों की ओर तेजी से पलायन जारी है, शहर महानगरों का स्वरुप धारण कर रहे है। शहरों के आसपास के गांवों की उपजाऊ खेती में फसल की जगह अब बड़ी-बड़ी आलिशान इमारतें बनायीं जा रही है। प्रदूषण, मिलावटखोरी, जंगल कटाई, यांत्रिक साधनों का अत्यधिक प्रयोग, नैसर्गिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन पर्यावरण के चक्र को बिगाड़ रहा है। आज व्यक्ति को अपने घर-आँगन में खुली जगह या पेड़-पौधे नहीं बल्कि अधिक से अधिक कांक्रीट के कमरे चाहिए, चाहे इसके लिए दूसरों की जगह पर अतिक्रमण ही क्यों न करना पड़े। आज का स्वार्थी मानव अपनी गलती की सजा पुरे पर्यावरण और सजीव वर्ग को दे रहा है, जिसका सीधा असर इकोसिस्टम पर पड़ता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने के कारण ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन लेयर की समस्या, बढ़ता तापमान, खाद्यसुरक्षा की कमी, बाढ़ और सूखा, प्राकृतिक आपदा, बढ़ती गंभीर बीमारियां ऐसे ही लोगो की गलती की देन है। उदाहरण के लिए देखा जाए तो दुनिया में उतने लोग नहीं है जितने उनके लिए मोबाइल बनाये गए है, लेकिन जरूरत के बाद ये करोड़ों की संख्या में मोबाइल का सौ प्रतिशत योग्य व्यवस्थापन (रीसायकल) पर्यावरण को कोई भी हानि न पहुंचाते हुए किया जाता है?

**मानवी जीवन वन्यजीवों पर आधारित :-** आज के इस आधुनिक युग को देख कर तो ये लगता है कि मानव जीवनदायिनी प्रकृति के भक्षक और वन्यजीव प्रकृति के अनादिकाल से रक्षक की भूमिका में तत्परता से लगे हुए है। प्रत्येक मनुष्य को पता है कि जीवित रहने के लिए सबसे जरुरी शुद्ध प्राणवायु, जल और अन्न ये प्रकृति की देन है, इसके बगैर मानवीय अस्तित्व खत्म है। फिर भी लोग सुन्दर जीवनदायिनी प्रकृति को बचाने के बजाय उसी को नुकसान पहुंचाने पर लगे रहते है। वन्यजीव जलवायु परिवर्तन की सुरक्षा करके पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य स्त्रोत बनाये रखने में अहम भूमिका निभाते है जिससे जैवविविधतापूर्ण इकोसिस्टम बेहतर ढंग से काम करता है। मृदा की गुणवत्ता और उर्वरता में सुधार होता है। वनौषधि, दवा, व्यवसाय हेतु कच्चा माल, शुद्ध हवा, पानी मिलता है। सभी वन्यजीव पर्यावरण के सुधार में मूल्यवान भूमिका निभाते है। कोरोना में लॉकडाउन के दौरान जब दुनिया में मानव निर्मित संसाधन पूरी तरह से थम गए थे, मानवी हस्तक्षेप पूरी तरह से रुक गया था, तब यही जीवनदायिनी प्रकृति वन्यजीवों के बदौलत अपनेआप को तेजी से बेहतर बना रही थी, अर्थात मानव जीवन के लिए आवश्यक नए आयाम बन रहे थे। सुन्दर प्रकृति का अलौकिक नजारा उस समय देखा गया जो हमारी जिंदगी के लिए सबसे मूल्यवान है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अस्तित्वहीन संयुक्त राष्ट्र संघ

**संजीव**

**रूस** यूक्रेन युद्ध के 100 दिन गुजर जाने के बाद अरबों रुपए के माल की हानि और लाखों लोग बेघर तथा जान गवाने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपथ्य में अपने अस्तित्व की तलाश में घूमता नजर आ रहा है। अमेरिका तथा यूरोपीय देश रूस के खिलाफ खुलकर धन तथा सामरिक अस्त्र शस्त्र लगातार यूक्रेन को प्रदान कर रहे हैं दूसरी तरफ इन्हीं बाहुबली देशों के इशारे पर यूएनओ रूस पर नाना प्रकार के प्रतिबंध लगा चुका है' संयुक्त राष्ट्र संघ अब अस्तित्वहीन हो चुका है। अभी भी अमेरिका सहित नेटो देश यू,एन,ओ,को अपने स्वार्थ के हिसाब से संचालित करते आ रहे हैं।रूस युक्रेन युद्ध में युद्ध रोकने यू,एन,ओ, रूस के सामने गिड़गिड़ा कर अपील करता रहा, पर रूस के कान में जूं तक नहीं रेंगी उल्टा हमले और तेज कर दिए।यू,एन,ओ, की हामियत प्रायः न्यून होती जा रही है। वैश्विक शांति सद्भावना और सौहार्द्र के लिए वैश्विक देशों ने एक मत हो कर परमाणु अप्रसार संधि पर 1970 में लगभग विश्व के सारे देशों ने अपनी मुहर लगाई थी' विश्व के 191 देशों ने अपनी सहमति जताकर परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए थे' यह इस परमाणु संधि का मूल आदर्श यही था कि मानव जाति के लिए हर संभव परमाणु हथियारों और इस खतरनाक तकनीक के प्रचार प्रसार को रोकना था' जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं थे वह भी इस संधि में शामिल हो गए थे पर परमाणु हथियार संपन्न देश भी इस बात से सहमत हैं कि परमाणु हथियार बनाने एवं इसके उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगे' द्वितीय युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर अणु, परमाणु बमों का भयानक परिणाम जापान में पूरी दुनिया के लोग देख चुके थे ,अनुभव कर चुके थे।

जापान इसके दुष्परिणाम अभी तक झेल रहा है' परमाणु हथियारों का उपयोग मानव जाति के खिलाफ ना किया जाए इसके लिए परमाणु अप्रसार संधि की कवायत यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशन की गई थी।

अब जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी से भेंट कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने की मध्यस्थता करने रूस के दौरे पर जाएंगे, पर संयुक्त राष्ट्र संघ शांति स्थापना के देश में कितना सफल होगा यह तो वक्त ही बताएगा।

# महंगाई डायन खाए जात है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कीमतें** बढ़ती हैं तो सबके लिए बढ़ती हैं। ऐसा नही है कि सूरज के लिए दिन में तो चाँद के लिए रात में महंगाई घटती-बढ़ती है। ऐसा दुनिया के किसी ओर कोने में होता होगा तो होता होगा। यह हिंदुस्तान है मेरी जान! यहाँ गीता, कुरान, बाइबल, गुरुग्रंथ साहिब आदि की बातें समझ में आएँ या न आएँ मंहगाई की बात सबको समझ में आती है। वैसे इंसानी शरीर दिमाग की बातें समझने में बड़ा नाक-भौं सिकुड़ता है, लेकिन पेट की बात चुटकी बजाते समझ जाता है। विराट कोहली शतक बनाए न बनाए फिर चाहे शून्य पर ही क्यों न आऊट हो जाए, अब कोई फर्क नहीं पड़ता। देश को महंगाई के नाम पर ऐसा बल्लेबाज मिला है, जो शहर, गाँव, मोहल्ला, बस्ती, गली हर जगह शतक बनाने से नहीं चूकता। वह दिन दूर नहीं जब सचिन तेंदुलकर के रनों का अंबार महंगाई अपने अकेले के दम पर तोड़कर नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। तब हमारे पास प्रसंशा के नाम पर सिर्फ और सिर्फ ताली-थाली पीटने के सिवाय कोई दूसरा काम नहीं बचेगा। आजकल के छोकरे कोलकाता का ऐतिहासिक टेस्ट मैच नहीं जानते होंगे। फॉलोऑन खेलते हुए वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ ने ऐसी पारी खेली थी कि आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सारा का सारा घमंड चकनाचूर हो गया था। किंतु आजकल के छोकरों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें महंगाई के रूप में ऐसे खिलाड़ी मिले हैं जो कभी-कभार नहीं हमेशा फालोऑन की पारी खेलने के लिए तत्पर रहते हैं। इन दोनों की साझेदारी शोले के जय-वीरू से भी सॉलिड है। फेवीक्विक का विज्ञापन इनके सामने पानी भरता है।

कोई मजाल जो इन्हें आऊट कर सकें। अभी तक ऐसा कोई बॉलर पैदा नहीं हुआ जो इन्हें मैदान तो दूर सपने तक में आऊट कर सके। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी नामी-गिरामी खिलाड़ियों की नींद हराम हो चुकी है। इन सबको रिप्लेस करने के लिए एक से बढ़कर धुरंधर खिलाड़ी आ चुके हैं। महंगाई ओपनिंग में उतरकर ऐसे धुआंधार शॉट खेलेगा कि सबके छक्के छूट जाएँ।

# मेयर ने किया शहर के कच्चे क्वार्टर बाजार का दौरा

## मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को कच्चे क़्वार्टर की जर्जर हो चुकी विभिन्न ब्रांच गलियों को पक्का करने के दिए आदेश, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर कच्चे क़्वार्टर की जर्जर हो चुकी गलियों को



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मेयर निखिल** मदान बुधवार दोपहर को शहर के वार्ड नं 12 में कच्चे क़्वार्टर बाजार पहुंचे जहाँ उन्होंने रिहायशी क्षेत्र का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम एस डी ओ अमित कुमार एवं कनिष्ठ अभियंता परविंदर कुमार भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासी अमित सुखीजा ने बताया की उनके क्षेत्र की अधिकांश गलियां टूट कर जर्जर हालत में पहुँच चुकी है , कुछ गलियों में सीवर लाइन डालने के बाद मरमम्त भी नहीं की गयी है और ना ही उनको दोबारा से पक्का किया गया है। इसके चलते सभी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बरसात के समय जल भराव की भी समस्या पैदा हो रही है। इन्हीं समस्याओं को लेकर वो मेयर निखिल मदान से मिले थे जिसका मौका मुआयना करने वो आज पहुंचे हैं। वहीँ मेयर निखिल मदान ने स्थानीय निवासियों के साथ कच्चे क़्वार्टर क्षेत्र की विभिन्न गलियों का दौरा किया और मौके पर ही निगम अधिकारियों को कच्चे क़्वार्टर की जर्जर हो चुकी विभिन्न ब्रांच गलियों को पक्का करने के दिए आदेश दिए । साथ ही मौके पर मौजूद सभी लोगों को आश्वस्त किया कि एक महीने के अंदर टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर निगम द्वारा सड़कों का पुनर्निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। अमित सुखीजा,मोनू सचदेवा ,हरीश,मूल चंद,लव भुटानी,धीरज बत्रा,दीपक मनचंदा, हरी चंद, यश, लाजवंती, वनती,सुदर्शना,पूनम,जुगल ज्योति आदि मौजूद रहे।

> 8 इस मौके पर उनके साथ नगर निगम एस डी ओ अमित कुमार एवं कनिष्ठ अभियंता परविंदर कुमार भी मौजूद रहे

# पानीपत की हरी सिंह कॉलोनी में बंद पड़े मकान के बेड में मिला महिला का शव

## मकान मालिक की शिकायत पर मृतका के पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत** की हरी सिंह कालोनी में एक घर में रखे बेड के बाक्स के अंदर कंबल में लिपटा हुआ एक महिला का शव मंगलवार देर शाम को मिला है। मकान मालिक ने ढाई माह बाद किराये पर दिये गये कमरे को खोला तो महिला की हत्या का खुलासा हुआ है। मकान मालिक संजय ने इस घर को एक मजदूर अखिलेश को किराये पर दिया हुआ था। मजदूर कमरे में अपनी पत्नी राधा व दो बच्चों के साथ यहां पर रहता था। अखिलेश करीब ढाई माह पहले मकान मालिक संजय को अपने दोनो बच्चों को गांव में छोडने की बात कहकर गया था और उसके बाद वह वापस नहीं लोटा। मकान मालिक संजय ने महिला के शव की पहचान मजदूर अखिलेश की पत्नी राधा के रूप में की है। मकान मालिक संजय ने रात को पुलिस को सूचना दी और डीएसपी धर्मबीर खर्ब, थाना तहसील कैंप प्रभारी फूल कुमार व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद जन सेवा दल के

कपिल मल्होत्रा की मदद से महिला के शव को सिविल अस्पताल के शव गृह में भिजवाया गया। महिला के शव की हालत गली सड़ी होने पर बुधवार को पानीपत से खानपुर मेडिकल कालेज में पोस्टमार्टम के लिये रेफर कर दिया गया। माना जा रहा है कि मजदूर अखिलेश ने ही अपनी पत्नी राधा की हत्या की है

और वह शव को बेड के बाक्स में रखकर अपने दोनो बच्चों को साथ लेकर फरार हो गया। तहसील कैंप थाना पुलिस ने मकान मालिक संजय की शिकायत पर मृतक महिला राधा के पति अखिलेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### जीएम रोडवेज ने अंबाला छावनी बस अड्डे का किया औचक निरीक्षण



**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** छावनी बस स्टैंड का आज जीएम अश्वनी कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंड की व्यवस्थाओं को जांचा और वहां मौजूद कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। वह मार्क ड्यूटी पर कितनी बसें जाती हैं, यह देखने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने बसों का संचालन भी देखा। जीएम ने बताया कि यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना रोडवेज की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रोडवेज के बेड़े में कईं नईं बसे शामिल हुई हैं जिसका यात्री भरपूर लाभ उठा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने पास कार्यालय को भी जांचा तथा वहां मौजूद कर्मचारियों से बातचीत भी की।

### सिलेंडर के दाम बढ़ने से लोगों में रोड सरकार को कोसा

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**महंगाई** की मार झेल रही जनता पर एक बार फिर से सरकार ने सिलेंडर के दाम बढ़ाकर महंगाई जनता की कमर तोड़ दी है। सिटी मीडिया टीम ने आज अम्बाला छावनी व शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों से बढ़ती महंगाई को लेकर बातचीत की। वार्ड 8 की शकुंतला, दयारानी, आशा रानी, सोनिया, अमरजीत, सुनीता, एझा कौर, मिंद्रो, नीतू, रीटा, पूनम व सुमन ने बताया कि बढ़ती महंगाई के कारण जीना दुलर्भ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज सुबह जब उन्हें पता चला कि घरेलू सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए गए तो उन्हें फिर से वही पुराने दिन याद आने लगे हैं और अब वह फिर से चूल्हा जलाने की यो जना बना रहे हैं। इन लोगों का कहना था कि यदि सरकार मिट्टी के तेल की बिक्री बंद न करती तो वह स्टोव ही जलाते, लेकिन आए दिन सिलेंडर के दाम बढ़ाने से उन्हें भारी परेशानी हो रही है। बता दें कि बीते एक साल में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव की बात करें तो इसमें कुल 5 बार बदलाव हुआ है। 22 मार्च 2022 को सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ने के बाद दिल्ली में ये 899.50 रुपए से बढ़कर 949.50 रुपए हो गए थे। इसके बाद ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 7 मई को 2022 को दाम 50 रुपए बढ़ाए जिससे ये 999.50 रुपए पर पहुंच गए। उसी महीने 19 मई को फिर से दामों में 2.50 रुपए का इजाफा किया गया। इसके बाद कीमत 1003 रुपए हो गई। 6 जुलाई 2022 को भी सिलेंडर की कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद दाम 1053 रुपए हो गए थे। अब एक बार फिर दाम 50 रुपए बढ़ाए गए है जिससे सिलेंडर की कीमत 1103 रुपए हो गई है। यानी बीते एक साल में कीमत 203.50 रुपए बढ़ चुकी है। जून, 2020 से सिलेंडर पर ज्यादातर लोगों को सब्सिडी नहीं मिल रही है। अब केवल उज्जवला योजना के तहत जिन्हें सिलेंडर दिए गए हैं, उन्हें 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। इसके लिए सरकार करीब 6,100 करोड़ रुपए खर्च करती है।

### नशा मुक्ति केंद्र में सुविधाओं का अभाव डीएसपी ने व्यवस्थाओं को जांचा

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला-नारायणगढ़** रोड पर स्थित गांव मंडोर में नशामुक्ति केंद्र न्यू लाइफ फाउंडेशन में मरीजों को शारीरिक व मानिसक रूप से टॉर्चर करने तथा मूलभूत सुविधाएं प्रदान न करने के आरोप में डीएसपी हेडक्वार्टर रमेश कुमार ने शिकायत के बाद यहां दबिश दी। मौके पर पंजोखरा थाना पुलिस भी साथ थी। पंजोखरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गुलशन ने बताया कि । सीसीटीवी का रिकॉर्ड जब्त कर लिया गया है। इससे पूर्व छावनी निवासी निलेश कुमार ने एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा को शिकायत दी थी जिसमें कहा था कि 3 जनवरी से 25 फरवरी तक वह यहां दाखिल रहा। केंद्र में उसकी जामा तलाशी के दौरान 8 हजार रुपए नकदी, गले की चांदी की चेन व लोहे का कड़ा केंद्र संचालक ने ले लिया। उसके घर से आई नई गर्म चादर, नई तौलिया, साबुन, तेल व सर्फ तक उसे नहीं दिया गया। नशामुक्ति केंद्र में पीने का साफ पानी, खुली हवा, स्वच्छ टॉयलेट, चिकित्सीय सुविधा नहीं दी गई। उससे पूरे केंद्र में 4 बार पोंछा लगवाया जाता था। टॉयलेट साफ करवाया जाता था। रविवार को मरीजों के कपड़े धुलवाए जाते थे। 300-300 रोटियों का आटा उससे गुंधवाया जाता था व रोटियां बनवाई जाती थी। झूठे बर्तन धुलवाए जाते थे। बीमारियों से ग्रसित मरीजों के साथ उसे लिटाया जाता था। कई मरीजों की खून की उल्टियां उससे साफ करवाई जाती थी। करीब एक महीने से उसे खांसी आने पर उसे दवाई नहीं दी गई। केंद्र से बाहर आया तो परिजन उसे मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल लेकर गए।

# शादी पंजीकरण के बाद ही मिलेगा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ : उपायुक्त

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर रही है, ताकि गरीब व बेसहारा परिवारों के सिर से बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा, जिसके लिए विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है। उपायुक्त सिवाच ने बताया कि जो पात्र लाभार्थी परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले रॅ.ग्रिॅ.ङ्ग५.ल्ल/ पर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान। उपायुक्त ने बताया कि बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए का अनुदान दिया जाता है। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, उनको 31 हजार रुपए का अनुदान दिया जाता है। विवाहित युगल चालीस प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रुपए और पति-पत्नी में से एक जन चालीस प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# राज्य स्तरीय नेशनल साइंस डे में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने पाया तृतीय स्थान

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आर्य स्नातकोत्तर** महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने केवीए डीएवी, महिला महाविद्यालय, करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय नेशनल साइंस डे कार्यक्रम की विभिन्न पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों का बुधवार को महाविद्यालय प्रांगण पहुंचने पर प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ.गीतांजलि धवन सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को भी बधाई दी।

> 8 राज्य स्तरीय नेशनल साइंस डे कार्यक्रम की विभिन्न पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया

प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में बीएससी मेडिकल साइंस के छठे सेमेस्टर के कमल, प्रेरणा, साक्षी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएससी मेडिकल प्रथम सेमेस्टर की आकांक्षा और सानिया ने पोस्टर मेकिंग में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

# नशे के विरुद्ध जागरूक किया



**अंबाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक माननीय श्री श्रीकांत जाधव भा.पु.से. ने नशे के विरुद्ध साईकिल जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम बहुत अधिक गति से चलाए जा रहे हैं। भविष्य में योजनाबद्ध तरीके से और बड़ स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के माध्यम से जन जन को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा और नशे की लत में पड़ गए युवाओं को निःशुल्क नशामुक्ति केन्द्रों में भर्ती कराया जा रहा है। उन्होंने कहा नशा व्यक्ति के लिए घातक है जो व्यक्ति को भीतर तक खोखला कर रहा है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंधित नशा बेच रहा है तो इसकी सूचना ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अवश्य दें।

# मंडी में सरसों की आवक शुरू, प्राईवेट एजेंसियों ने अभी तक खरीदी है 446 क्विंटल सरसों

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत** की नई अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू हो चुकी है और प्राईवेट एजेंसियों द्वारा बुधवार तक अनाज मंडी में 446 क्विंटल सरसो की खरीद की जा चुकी है। जबकि केंद्र सरकार द्वारा इस सीजन के लिये सरसो का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5450 रूपए प्रति क्विंटल तय किया गया है लेकिन मंडी में 4500 से लेकर 5 हजार रूपए प्रति क्विंटल तक प्राईवेट एजेंसियों द्वारा सरसो की खरीद की जा रही है। पिछले वर्ष सरसो का एमएसपी तो 5050 रूपए था पर प्राईवेट एजेंसियों द्वारा किसानों की



सरसो को 6 हजार रूपए व उससे उपर के भाव पर खरीदा गया था। इसलिये पिछले सीजन में ज्यादातर सरसो की प्राईवेट एजेंसियों द्वारा ही खरीद की गई थी। अनाज मंडी में लायी जाने वाली सरसो में अभी नमी की मात्रा ज्यादा है और मार्किट कमेटी के अधिकारियों व आढ़तियों का मानना है कि अगले कुछ दिनों में सरसो के सुखने से नमी कम होगी तो इसका भाव भी बढ़ेगा। वहीं पानीपत मार्किट कमेटी की सचिव आशा रानी का कहना है कि मंडी में अभी तक 446 क्विंटल सरसो की प्राईवेट एजेंसियों द्वारा खरीद की जा चुकी है और 28 मार्च से सरसो की सरकारी खरीद शुरू होने की संभावना है।

# मानव चौक के नजदीक नहीं हो रही नाले की सफाई

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** शहर मानव चौक के नजदीक बडे नाले की पिछले कई महीनों से सफाई नही हुई जिसके कारण लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। लोगों ने बताया कि यदि हालात इसी प्रकार रहे तो बरसातों के समय यहां पर पानी निकासी बंद हो जाएगी। उन्होने कहा कि 4 महीने पहले नाले से कुछ मलबा भी निकाला गया था। लेकिन आज तक उस मलबे का भी उठान नही किया गया। जिसके चलते यहां पर दुर्गंध का आलम है। स्थानीय निवासी अंकित, कमल व अन्य ने बताया कि वह कई बार नगर निगम के कर्मचारियों से भी संर्पक कर चुके है।

# मांगों को लेकर शिक्षा सदन पर दिया धरना

**अम्बाला/टीम एक्शन इंडिया**
**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा ने सिटी के शिक्षा सदन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई प्रधान शंकर पामा, उप प्रधान ललित, सचिव परवीन, शिव खोड़ा, हैप्पी बिडलान, शेंकी,राजिंदर, शेखर, राजीव ने की। हरियाणा प्रधान सेवा राम ने कहा कि क वेतन भोगी कर्मचारी अपने हर प्रकार के खर्चे के लिए वेतन पर ही निर्भर होता है ऐसी अवस्था में उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन शिक्षकों ने आवास या वाहन ऋण ले रखा है वह किस्त समय पर जमा नहीं करा पा रहे, जिससे उन्हें



डिफाल्टर की श्रेणी में रखा जा रहा है। सिबिल स्कोर भी कम हो रहा है तथा जुमार्ना वसूल किया जा रहा है। इसके साथ साथ दूध राशन व अन्य चीजों का भुगतान न हो पाने के कारण सामाजिक छवि भी खराब हो रही है। एक सामान्य शिक्षक का एचआरएमएस पर ए पोस्टिंग डाटा अपलोड करने में उसकी कोई भूमिका नहीं होती । उपरोक्त डाटा उच्च अधिकारियों द्वारा ही अपलोड किया जाना होता है ऐसे में सामान्य शिक्षक को इसके लिए जिम्मेदार मान कर उनका वेतन रोकना न्याय संगत नहीं है। जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए शिक्षकों का जनवरी और फरवरी माह का वेतन शीघ्रता से जारी किया जाए अन्यथा चारों ओर से हताश और निराश प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघर्ष के लिए मजबूर होंगे तथा आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ लगाए नारे

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर नगर निगम कार्यालय में जिले की पालिकाओं, परिषद, निगम व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। कर्मचारियों का कहना था कि वह लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगे नहीं मान रहीं जिसके बाद आज यह फैसला लिया गया कि सभी मुख्यालयों पर कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेंगे। आज दोपहर लगभग 3 बजे कर्मचारी अम्बाला शहरा के नगर निगम कार्यालय में इकटठे हुए और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि कर्मचारियों के लगातार आंदोलन के दबाव में हरियाणा सरकार ने 29 अक्टूबर के फैसले में मानी गई मांगों के कुछ पत्र जारी किए हैं । लेकिन पालिका परिषद व निगम के अधिकारी इन पत्रों को लागू नहीं कर रहे हैं। मानी गई मांगों के पत्रों को पालिका सतर पर लागू करवाने के लिए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा आगामी 1 मार्च को प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों एवं 2 मार्च को नगर आयुक्तों (डी एम सी) के कार्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन देकर सरकार द्वारा 8 फरवरी 2023 को जारी किए गए पत्र के अनुसार सफाई एवं सीवर मेनो के रिक्त पदों पर वर्षों से विभाग के रोल पर लगे सीवर एवं सफाई कर्मचारियों को नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नियमित नियुक्ति किया जाए। तथा 8 दिसंबर 2022 के पत्र के अनुसार विभाग में लगे वर्कआउट सोर्स, ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस, डोर टू डोर के कर्मचारियों को बैंक के माध्यम से टू न्यूनतम वेतन देने की ई.एस.आई. ई.पी.एफ. का लाभ देने तथा सरकार की हिदायतो की पालना न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर व हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, वर्क आउट सोर्स, डोर टू डोर, ऑपरेशन एंड मेंटिनेस, आर.पी.एफ. स्टैंडर्ड व अन्य प्रकार के ठेकों में लगे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, छटनी किए गए कर्मचारियों को बहाल करने, डिमिनिशन काडर में डाले गए पदों को बहाल करने तथा क्षेत्रफल आबादी के अनुपात में सफाई कर्मचारी व सीवर मैन सहित सभी तृ व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों व फायरमैन एवं ड्राइवरों के नए पद सृजित करने की मांग की गई है।

# 'देश-प्रदेश में फिर से तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार'

## पार्षद विजय जैन ने कुलदीप नगर में कालोनी वासियों को दिया होली मिलन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत** ग्रामीण हलके के कुलदीप नगर स्थित भीमराव अंबेडकर भवन में बुधवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया और सम्मेलन का आयोजन राजेश ठेकेदार और वजीर सिंह ने किया। इस मौके पर ग्रामीण हलके के नेता एवं प्रमुख समाजसेवी विजय जैन पार्षद ने कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए 5 मार्च को अपने कार्यालय सेक्टर 6 में आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह में पहुंचने का न्योता



दिया। विजय जैन ने कहा है कि उनका मकसद राजनीति में सत्ता का सुख भोगने का नहीं है बल्कि जनता की सेवा करने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर तरक्की कर रहा है। जैन ने दावा किया कि तीसरी बार भी फिर से देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। इस मौके पर अंबेडकर सभा के प्रधान सुरजीत पवार, वेदपाल चेयरमैन, जयपाल प्रजापत, पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा, एडवोकेट रमेश मौर्य, शोभा सिंह नाथ, श्री भगवान हुड्डा, गुलाब देशवाल, जसमेर देशवाल, सुभाष कश्यप, रमेश गोदारा व दुलीचंद कुंडू आदि मौजूद रहे।

# मछली पालन अपना और लाखों कमाओ

**अंबाला (मनीष कुमार)**
**जिला** कल्याण अधिकारी शीशपाल माहला ने बताया कि अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा महान संतों से जुड़े धार्मिक स्थलों का भ्रमण करने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। अनुसूचित जाति से सम्बधिंत लाभार्थी अन्त्योदय सरल पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि धार्मिक स्थलों वाराणसी और अमृतसर आदि स्थलों का भ्रमण करने वाले आवेदक को आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वोटर कार्ड के साथ ही गैर सरकारी कर्मचारी होने का प्रमाण पत्र संलग्र करना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आवेदन करने वाला प्रार्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय नियमानुसार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से केवल 100 लाभार्थियों को इसका लाभ प्रदान किया जाएगा। आवेदक हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा किसी सरकारी उपक्रम, संगठन व प्राधिकरण का कर्मचारी नहीं होना चाहिए। उन्होनें बताया कि आवेदकों का पंजीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। लाभार्थी को सरकार द्वारा एक हजार रूपए की राशि अथवा द्वितीय श्रेणी की ट्रेन टिकट व आने जाने के वास्तविक व्यय जो भी कम होगा उसकी अदायगी की जाएगी।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# सौरभ भारद्वाज-आतिशी बनेंगे कैबिनेट मंत्री

## आप विधायक सौरभ भारद्वाज और आतिशी के नाम उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को भेजा







**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कैबिनेट में मंत्री बनने के लिए आप विधायक सौरभ भारद्वाज और आतिशी के नाम उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को भेजा है। आप सरकार के सूत्रों ने ये बात कही है कि, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे बाद आप विधायक सौरभ भारद्वाज केजरीवाल सरकार में मंत्री बनेंगे। आतिशी को भी कैबिनेट में जगह मिलेगी। अरविंद केजरीवाल ने दोनों को मंत्री नियुक्त करने की फाइल एलजी को भेजी है। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से झटका मिलने के बाद सीबीआई की गिरफ्त में आए मनीष सिसोदिया ने अपने पद से मंगलवार दोपहर बाद इस्तीफा दे दिया है।

वहीं, जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना इस्तीफा भेज दिया। मुख्यमंत्री ने अपने दोनों वरिष्ठ मंत्रियों को इस्तीफा मंजूर भी कर लिया। मनीष सिसोदिया के सभी 18 विभाग दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत व राजकुमार आनंद के बीच बांट दिए जाएंगे।

## सिसोदिया के इस्तीफे के बाद उनके विभाग संभालेंगे गहलोत और राजकुमार आनंद



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष** सिसोदिया के इस्तीफे के बाद उनके अधीन आने वाले तमाम विभाग को फिलहाल दो मंत्रियों में बांट दिया गया है। वहीं इस बार आबकारी विभाग को अन्य बताते हुए इसकी जिम्मेदारी मंत्री कैलाश गहलोत को दी गई है। वित्त विभाग की जिम्मेदारी भी गहलोत के पास रहेगी। इस लिहाज से करीब-करीब माना जा रहा है कि नए वित्त वर्ष के लिए दिल्ली विधानसभा में कैलाश गहलोत ही बजट पेश करेंगे। दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल कैलाश गहलोत फिलहाल मनीष सिसोदिया द्वारा देखे जाने वाले आठ महत्वपूर्ण विभाग देखेंगे। जबकि दिल्ली कैबिनेट में शामिल नए मंत्री राजकुमार आनंद 10 विभागों का कार्यभार संभालेंगे। वहीं दिल्ली सरकार अभी कैबिनेट का विस्तार नहीं कर रही है। इस कारण यह दोनों मंत्री ही मनीष सिसोदिया के विभागों को देखेंगे, ताकि कामकाज किसी तरह प्रभावित ना हो। मनीष सिसोदिया के पास कई महत्वपूर्ण विभाग थे, लेकिन शिक्षा विभाग से उनका खासा लगाव था तो अब यह राजकुमार आनंद बतौर मंत्री इसे देखेंगे। मनीष सिसोदिया आबकारी नीति में फंसे हैं और अभी सीबीआई की गिरफ्त में हैं। दिल्ली सरकार द्वारा विभागों की जो सूची जारी की गई है, उसमें आबकारी विभाग का जिक्र नहीं है।

### सौरभ ग्रेटर कैलाश विधानसभा से तीन बार लगातार विधायक

**सौरभ** भारद्वाज दिल्ली की ग्रेटर कैलाश विधानसभा से तीन बार लगातार विधायक हैं। वह आम आदमी पार्टी की पहली बार 2013 में बनी सरकार में चार बड़े विभागों के मंत्री रहे थे। आप की यह सरकार मात्र 49 दिन चली थी। भारद्वाज के पास परिवहन, खाद्य और आपूर्ति, पर्यावरण और जीएडी विभाग थे। इसके बाद वे फिर से 2015 में भी विधायक चुने गए, हालांकि इस बार उन्हें कोई मंत्रालय नहीं दिया गया। इसके बाद सौरभ 2020 में तीसरी बार विधायक चुने गए और साल 2022 में दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष चुने गए। उन्होंने राघव चड्ढा के इस्तीफे के बाद ये जिम्मेदारी संभाली थी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर भी उनका काम अच्छा माना जाता रहा है।

### शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए जानी जाती हैं आतिशी

**आम** आदमी पार्टी में की महिला नेता आतिशी मार्लेना एक होनहार स्टूडेंट, बेहतरीन टीचर होने के साथ ही शैक्षणिक योग्यता में भी अव्वल हैं। वह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं। वह शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए जानी जाती हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सुधार का सबसे बड़ा श्रेय आतिशी को दिया जाता है। वह आप की राजनीति मामलों की समिति की सदस्य भी हैं। आतिशी दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सलाहकार रह चुकी हैं लेकिन अप्रैल 2018 में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में आए क्रांतिकारी बदलाव के पीछे आतिशी को जिम्मेदार माना जाता है। शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के साथ उन्होंने स्कूलों की कायापलट में जबरदस्त मेहनत की है। आतिशी ने ही सरकारी स्कूलों में हैप्पीनेस करिकुलम की शुरूआत की। आतिशी की मां तृप्ता वाही और पिता विजय कुमार सिंह डीयू में प्रोफेसर थे।

# एलजी ने नहीं मंजूर किया सिसोदिया-जैन का इस्तीफा

### कारण भी बताया

= उपराज्यपाल ने इस्तीफों को अस्वीकार करने के साथ ही दोनों से विभागों की जिम्मेदारी ले ली है



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मनीष सिसोदिया का इस्तीफा अस्वीकार कर दिया है। उनके कारण सत्येंद्र जैन का इस्तीफा भी स्वीकृत नहीं हो सका है। उपराज्यपाल ने इस्तीफों को अस्वीकार करने के साथ ही दोनों से विभागों की जिम्मेदारी ले ली है। उपराज्यपाल के दफ्तर से इस्तीफा अस्वीकार करने की वजहें भी बताई गई हैं। उपराज्यपाल के दफ्तर से जो वजहें बताई गई हैं उनमें सिसोदिया के इस्तीफे पर तारीख न लिखा होना कहा जा रहा है। बताया गया कि मनीष सिसोदिया का इस्तीफा बिना डेट का है और सत्येंद्र जैन का 27 फरवरी को लिखा गया है। दोनों ही इस्तीफे एलजी को 28 फरवरी को भेजे गए। कहा जा रहा है कि सिसोदिया ने ये इस्तीफा जेल से तो टाइप नहीं किया होगा। तो क्या उन्होंने यह सीबीआई की पूछताछ पर जाने से पहले ही लिख दिया था। क्या जैन का प्लेन और हस्तलिखित इस्तीफा उसके बाद लिया गया है? अगर सिसोदिया ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था और जैन ने 27 को दिया तो इस्तीफे की घोषणा इतनी देर से क्यों हुई?

## मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें केजरीवाल: चौधरी अनिल



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इस्तीफे की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार के दो मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है लेकिन असली भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री केजरीवाल हैं। ऐसे में उन्हें भी पद से इस्तीफा देना चाहिए। चौधरी अनिल ने कहा कि शराब घोटाले में एक्सपोज हो चुके भ्रष्ट मंत्रिमंडल के मुखिया केजरीवाल को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से शराब नीति के विरोध में रही है। एक लंबी लड़ाई के बाद दोनों मंत्रियों पर कार्रवाई हुई है। चौधरी ने कहा कि अब वह चाहते हैं कि मुख्यमंत्री केजरीवाल पद से इस्तीफा दें, क्योंकि सारे घोटाले उनकी सह पर हुए हैं।

# एससी/एसटी समिति ने जीजीएसआईपीयू से संबद्ध कॉलेजों की फीस कम करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** विधानसभा की अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति की 11वीं बैठक विशेष रवि की अध्यक्षता में हुई। अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति ने उच्च शिक्षा विभाग और जीजीएसआईपीयू प्रशासन को अधित फीस संरचना और अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों को फीस में रियायत के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बुलाया।

बैठक में सामने आया कि डीपीसीआई अधिनियम 2007 के तहत गठित राज्य शुल्क नियामक समिति, फीस संरचना को विनियमित करती है। उसमें एससी/एसटी और अन्य वंचित समुदायों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। यह भी विचार-विमर्श किया गया कि अनुसूचित जाति/ जनजाति के छात्रों को जीजीएसआईपीयू और संबद्ध कॉलेजों में शुल्क में कोई रियायत नहीं मिलती है। अनुसूचित जाति/जनजाति के कल्याण संबंधी समिति के अध्यक्ष विशेष रवि ने उच्च शिक्षा विभाग को डीपीसीआई 2007 अधिनियम में संशोधन करने का निर्देश दिया है। इससे एससी/एसटी के लिए फीस में रियायत सुनिश्चित करने के लिए राज्य शुल्क नियामक समिति में एससी/एसटी समुदाय के एक सदस्य को शामिल किया जा सके। इस समिति ने जीजीएसआईपीयू से संबद्ध कॉलेजों के डिटेल ऑडिट के आधार पर फीस संरचना तय करने और सभी छात्रों के लिए फीस की समीक्षा कर कम करने की सिफारिश की है।

### सिफारिश

= कॉलेजों के डिटेल ऑडिट के आधार पर फीस संरचना तय करने और फीस की समीक्षा कर कम करने की सिफारिश की है

इसके साथ अनुसूचित जाति / जनजाति समुदायों के छात्रों के लिए शुल्क रियायत सुनिश्चित करने के लिए राज्य शुल्क नियामक समिति की भी सिफारिश की है। विधायक विशेष रवि ने कहा कि एससी/एसटी समुदाय के छात्रों के लिए प्राथमिकता के आधार पर फीस में रियायत मिले।

## ट्रांसपोर्ट के गोदाम में लगी भीषण आग के बाद गिरी बिल्डिंग

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाका स्थित रोशनारा रोड के पास जयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट के गोदाम में भीषण आग लगने के बाद बिल्डिंग गिर गई। घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग बुधवार दोपहर करीब 12 लगी है। मामले की सूचना मिलते ही दमकल की दो दर्जन से ज्यादा गाड़ियां आग बुझाने में लगी। वहीं आग बुझाने के दौरान बिल्डिंग भरभरा कर नीचे गिर गई। वहीं इलाके में तंग गालियां होने के कारण दमकलकर्मियों को परेशानी हो रही है।

# भाजपा ने की सीएम के इस्तीफे की मांग



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** भाजपा ने बुधवार सुबह राजधानी के 10 अलग-अलग चौराहे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। विभिन्न जगहों पर हो रहे प्रदर्शन में भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में सबसे बड़े घोटालेबाज दिल्ली के मुख्यमंत्री ही हैं। जब तक अरविंद केजरीवाल अपना इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक भाजपा इसी तरह के प्रदर्शन करती रहेगी। इसी क्रम में बुराड़ी चौक पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी के नेतृत्व में जन जागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हालांकि, वह खुद अपने कार्यक्रम से नदारद रहे और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिना उनकी मौजूदगी के ही मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। कार्यकर्ताओं ने आगे कहा कि बिना भाजपा के दबाव के केजरीवाल सरकार अपने मंत्रियों से इस्तीफा नहीं ले रही थी। इसके चलते भाजपा पिछले कई महीनों से लगातार प्रदर्शन कर रही है। भाजपा के दबाव के चलते ही आम आदमी पार्टी कि सरकार के दागी मंत्रियों ने इस्तीफा दिया है। अभी केवल मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने इस्तीफा दिया है, अब आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की बारी है। इसके अलावा दक्षिणी दिल्ली जिला के खानपुर वार्ड में आज सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने हाथ में पोस्टर-बैनर लेकर अरविंद केजरीवाल से इस्तीफे की मांग की। वहीं, भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि जब दिल्ली सरकार सत्ता में नहीं थी तो अरविंद केजरीवाल ने बड़े-बड़े वादे किए थे। केजरीवाल ने तब लोकपाल बिल लाने के साथ यह भी कहा था कि अगर कोई मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसे तुरंत उसके पद से हटा देना चाहिए, लेकिन इनके स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पिछले 9 महीने से जेल में बंद थे, जिनसे अब जाकर इस्तीफ लिया गया है।

### विरोध प्रदर्शन

= प्रदर्शन में भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की

## पीआईबी के प्रधान महानिदेशक राजेश मल्होत्रा ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राजेश** मल्होत्रा ने बुधवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया। एक दिन पूर्व मंगलवार को ही उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी हुई थी। वे सेवानिवृत्त हो रहे महानिदेशक सत्येन्द्र प्रकाश का स्थान लेंगे। राजेश मल्होत्रा, भारतीय सूचना सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान मंत्रालयों में मीडिया और संचार नीति को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया। राजेश मल्होत्रा को वित्त, कंपनी मामले, कृषि, बिजली, कोयला, खान, संचार और आईटी, कपड़ा, श्रम सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए मीडिया रणनीतियों की योजना और कार्यान्वयन में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। इसके अलावा, राजेश मल्होत्रा 21 वर्षों (1996-2017) तक भारत के चुनाव आयोग से मीडिया और संचार के प्रभारी के रूप में जुड़े रहे। उन्होंने लोकसभा के आम चुनावों के दौरान मीडिया और संचार रणनीतियों की योजना और कार्यान्वयन के लिए कार्य किया । इस कार्यकाल के दौरान उन्होंने 12 मुख्य चुनाव आयुक्तों के साथ मिलकर काम किया है।

# सिसोदिया ने मीडिया से की थी कैरियर की शुरूआत



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**अन्ना** हजारे के आंदोलन से चमके मनीष सिसोदिया वर्तमान में सीबीआई की गिरफ्त में हैं। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में जन्मे सिसोदिया ने अपने कैरियर की शुरूआत पत्रकारिता से की थी। सिसोदिया ने प्रिंट से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम किया है। सिसोदिया ने 1996 से 2005 तक एक निजी न्यूज चैनल में काम करने के बाद 2006 में पत्रकारिता को छोड़ दिया। सिसोदिया 1999 में अरविंद केजरीवाल के संपर्क में आए और गैर सरकारी संस्थान परिवर्तन से जुड़े। यहीं से दोनों के बीच दोस्ती शुरू हुई जो अब तक जारी है। बाद में दोनों ने कई सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया। वर्ष 2011 में दिल्ली के रामलीला मैदान में जनलोकपाल बिल को लेकर अन्ना हजारे के नेतृत्व में हो रहे आंदोलन में काफी सक्रिय रहे। इसके बाद 2012 में अन्ना हजारे से अलग होकर केजरीवाल ने नई राजनीतिक पार्टी बनाने का एलान किया। जिसमें सिसोदिया उनके साथ थे और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने। 2013 में पार्टी की टिकट पर वे पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज विधानसभा से चुनाव लड़े और जीते। उसके बाद 2015 और 2020 में लगातार जीते और उपमुख्यमंत्री रहे। वहीं सिसोदिया उपमुख्यमंत्री होने के साथ-साथ 18 विभागों की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्त, शहरी विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, गृह विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग को शामिल हैं। साल 2021 में केजरीवाल सरकार द्वारा लागू नई आबकारी नीति के सवालों के घेरे में आने के बाद सीबीआई ने सिसोदिया के खिलाफ 17 अगस्त 2022 को मुकदमा दर्ज किया और उसके बाद उनके घर और बैंक लॉकर की छानबीन की।

### सीबीआई गिरफ्त में

= उत्तर प्रदेश के हापुड़ में जन्मे सिसोदिया ने अपने कैरियर की शुरूआत पत्रकारिता से की थी

## वक्फ बोर्ड की भर्ती: अमानतुल्लाह को मिली जमानत

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड में भर्ती में गड़बड़ियों के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों को जमानत दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने सभी आरोपितों को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। बुधवार को कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान के अलावा दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ महबूब आलम, हामिद अख्तर, किफायतुल्लाह खान, रफीऊशान खान, इमरान अली, मोहम्मद अबरार, आकिब जावेद, अजहर खान, जाकिर खान और अब्दुल मन्नर को जमानत दी है। इससे पहले 3 नवंबर 2022 को कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

कोर्ट ने इन आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 13(2), 13((1)(डी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। इस मामले में 23 नवंबर 2016 को एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त 2022 को चार्जशीट दाखिल किया था।

# मरीजों को राहत: कैंसर पर वार के लिए एक और अस्पताल तैयार

## लेडी हार्डिंग में मिलेगी एडवांस रेडियोथेरेपी सुविधा



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कैंसर** के मरीजों को जल्द ही लेडी हार्डिंग अस्पताल में एडवांस रेडियोथेरेपी की सुविधा मिल सकेगी। अभी तक इस सुविधा के लिए मरीजों को केंद्र सरकार के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली का रुख करना पड़ रहा है। अस्पताल में कैंसर का विभाग है, लेकिन सुविधा के अभाव में मरीजों को सफदरजंग, एम्स व अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लेडी हार्डिंग अस्पताल ने केंद्र सरकार के साथ समझौता किया है। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ सुभाष गिरी ने करीब 78 करोड़ रुपये के चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की विशेष सचिव की उपस्थिति में एचएलएल-एचआईटीईएस के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संबंध में डॉ. सुभाष गिरी ने बताया कि समझौते के तहत कैंसर के मरीजों के उपचार के लिए दो लीनियर एक्सीलेटर मशीन स्थापित की जाएगी। इनके अभाव में मरीजों को रेडियोथेरेपी देने के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर किया जाता है। इसके अलावा कैंसर की पहचान के लिए एक एमआरआई और एक सिटी स्कैन मशीन भी आएगी। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि इस साल में यह सुविधा अस्पताल को मिल जाएगी। लेडी हार्डिंग अस्पताल में सिटी स्कैन व एमआरआई मशीन आने के बाद जांच की गति डबल हो जाएगी। अभी अस्पताल में एक ही मशीन हैं, जो कई बार खराब रहती है। नई मशीन आने के बाद कैंसर के अलावा अन्य विभाग के मरीजों को भी जांच के लिए इंतजार नहीं करना होगा। साथ ही जांच की गति भी बढ़ेगी।

**एडवांस है लीनियर एक्सीलेटर मशीन:** कैंसर के उपचार में लीनियर एक्सीलेटर मशीन अत्याधुनिक मशीनों में शामिल है। इसके जरिए मरीज के शरीर के प्रभावित भाग पर सीधे रेडियोथेरेपी दी जा सकती है। दिल्ली में अभी यह सुविधा केंद्र सरकार के एम्स अस्पताल में ही मौजूद है। डॉक्टरों की माने तो लेडी हार्डिंग के रेडियोलॉजी विभाग में इन मशीनों को स्थापित किया जा सकता है। लेडी हार्डिंग अस्पताल में कैंसर मरीजों के लिए रेडियोथेरेपी की सुविधा शुरू होने के बाद हजारों मरीजों को फायदा होगा।

### सुविधाएं मिलेंगी

= मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लेडी हार्डिंग अस्पताल ने केंद्र सरकार के साथ समझौता किया है

# वीडियो लीक होने पर महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने एलजी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**ठगी** के मामले में मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को एक बार फिर चिट्ठी लिखी है। उसने इस बार एलजी से जेल का वीडियो लीक होने के मामले में शिकायत की है। सुकेश का आरोप है कि दो जेल अधिकारियों ने इस वीडियो को लीक किया है, जिसमें वह धमकी देते और परेशान करते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही सुकेश ने इन दोनों जेल अधिकारियों को 5 .50 लाख रुपये रिश्वत देने का भी आरोप लगाया है। उपराज्यपाल को लिखी चिट्ठी में सुकेश ने कहा है कि तीन-चार दिन पहले एक सीसीटीवी फुटेज जारी किया गया, जिसमें कुछ जेल अधिकारी उसके बैरक का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। उसने आरोप लगाया कि यह वीडियो असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट दीपक शर्मा और डिप्टी सुपरिटेंडेंट जयसिंह ने लीक किया है। इस वीडियो में दीपक शर्मा और जयसिंह सुकेश को परेशान करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उसने कहा कि जेल में जांच होना एक रूटीन प्रोसेस है। दीपक शर्मा और जयसिंह ने जांच के अगले दिन सुकेश को कहा कि तुमने सत्येंद्र जैन को सपोर्ट किया अब तुम्हारी बारी है। हम वीडियो पब्लिक डोमेन में जारी कर देंगे। इसके बाद मैंने अलग-अलग, अथॉरिटी न्यायालय और एलजी कार्यालय को शिकायत दी है। उल्लेखनीय है कि सुकेश रसूखदार लोगों को राजनीतिक मदद पहुंचाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में लंबे समय से जेल में बंद है। इस मामले में सुकेश के साथ कई बॉलीवुड अभिनेत्रियां भी जांच के घेरे में है।

### आरोप

= दो जेल अधिकारियों ने इस वीडियो को लीक किया है, जिसमें वह धमकी देते और परेशान करते हुए नजर आ रहे हैं

# जहांगीरपुरी: जीटी करनाल रोड़ पर जलभराव से जनता परेशान

## 'जी.टी.करनाल रोड़ और मुकरबा चौक मोड़ से लेकर जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन लालबत्ती तक मेन रोड़ पर जलभराव की वजह से होता हैं ट्रैफिक जाम'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** के पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से ज्यादा समय से जी.टी.करनाल रोड़ पर मुकरबा चौक मोड से लेकर जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन लालबत्ती तक मेन रोड़ पर गंदे व बदबूदार पानी के जलभराव की वजह से लोगों को ट्रैफिक जाम की सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है।





**बिना बारिश रोड़ पर भर रहा है पानी:** जब बिना बारिश के सड़क का यह हाल है तो फिर आगे बरसात में क्या हाल होगा, बिना बारिश गंदे व बदबूदार पानी के जलभराव की वजह से यहां स्थानीय लोगों का बहुत बुरा हाल हो गया है, मेन रोड़ पर दो-दो फुट गहरा पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, रामगढ़ मेन जी.टी.करनाल रोड़ पर नाले में गाद भरी हुई है जिसकी सफाई नहीं हुई है, नाला टूटा व खुला होने की वजह से कभी भी कोई हादसा हो सकता है और जान-माल का नुकसान हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और लोक निर्माण विभाग की होगी।

**अधिकारियों को कई बार की जा चुकी है शिकायत:** श्री जिंदल ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बार-बार करने शिकायत करने के बाद भी अब काम तो हो रहा है, लेकिन वह कछुए की चाल से हो रहा है, पानी की निकासी की व्यवस्था तुरंत कर लोगों को भारी ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाई जाये।

**समस्या के समाधान की उपराज्यपाल से की मांग:** दिल्ली के उप-राज्यपाल से पत्र लिखकर मांग करते हुए श्री जिंदल ने कहा कि जलभराव की वजह से लोगो को हो रही भारी परेशानी से निजात दिलाया जाये। यहां पर तुरन्त पानी की निकासी व नालों की मरम्मत और सफाई की व्यवस्था की जाये। जिससे की लोगों को जलभराव व जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

### जलभराव के कारण रोड़ पर लगता हैं जाम: जिंदल




**पूर्व** जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल ने कहा कि जलभराव के कारण रोड़ पर जाम लग जाता है, जिस कारण से लोगों को परेशान होना पड़ता है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बार-बार कहने और लिखित में शिकायत करने के बाद अब काम तो हो रहा है लेकिन वह कछुए की चाल से हो रहा है, पानी की निकासी की व्यवस्था तुरंत कर लोगो को भारी ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाई जाये।

# संगम पार्क: दिल्ली में विकास कांग्रेस पार्टी की देन है: मनोज कुमार मछला

## आप राज में विकास को तरस रही है जनता: मछला

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**संगम पार्क** वार्ड के पूर्व कांग्रेस निगम प्रत्याशी मनोज कुमार मछला ने कहा कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है। उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ने दिल्ली में अनेको विकास कार्य करवाकर के दिखाये थे, तभी तो दिल्ली मॉर्डन दिल्ली बनी थी। उन्होंने कहा कि



आज जो आप दिल्ली में मैट्रो, लो-फ्लोर बसे, बड़े-बड़े फ्लाईओवर देख रहे है, उसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को जाता है क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो भी निर्णय लेती है, वह जनहित में ही लेती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी व भाजपा के कार्यों से खुश नहीं है, क्योंकि आम आदमी पार्टी व भाजपा ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।

# सत्य की राह पर चलकर ही मिलेगी सफलता: बद्रूदीन खान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कहा कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। एक अन्य सवाल के जवाब में बद्रूदीन खान ने कहा



कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद और निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी का कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि सभी गरीबों व असहायों की सहायता करें।

# मॉडल टाउन: आप पार्टी और भाजपा ने दिया जनता को धोखा: जेके डावर

## जनता को गुमराह करना बंद करें आप: डावर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मॉडल टाउन** वार्ड के पूर्व कांग्रेस निगम प्रत्याशी जे.के. डावर ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा ने दिल्ली की जनता को केवल धोखा देने का कार्य किया है।
आज दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी व भाजपा दिल्ली की जनता की समस्याओं पर



ध्यान नहीं दे रही है, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में विकास केवल कागजों में ही नजर आ रहा है, धरातल पर तो विकास हो ही नहीं आ रहा है। श्री डावर ने कहा कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से मजबूर होकर जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

# बजट-2023 विकसित भारत की नींव मजबूत करने वाला बजट है: सुशील मोदी

**नई दिल्ली/तीरथ राज**
**शिवाजी** कॉलेज की सिविल सर्विस सोसायटी 'दिशा' तत्वावधान में बजट पर चर्चा विषयक गोष्ठी शिवाजी कॉलेज की नवनिर्मित इमारत जीजाबाई ब्लॉक के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, सीएसडी के चैयरमैन राजकुमार फलवारिया और दिल्ली विश्वविद्यालय के ईसी सदस्य सुनील कुमार की उपस्थिति रही। गोष्ठी में बजट पर चर्चा पर बोलते हुए सुशील मोदी ने इस वर्ष के बजट को भविष्य का बजट बताते हुए कहा कि पहले बजट शाम में आया करता था जिसके पीछे अंग्रेजी औपनिवेशिक







मानसिकता थी लेकिन जिसे अटल जी की सरकार ने 11 बजे से रखा और इसकी तिथि भी 28 फरवरी रखी गई लेकिन बाद में नरेंद्र मोदी ने इसे 1 फरवरी को घोषित करने का निर्णय लिया ताकि बजट पर चर्चा और व्यय के लिए लगभग 2 महीने का समय मिल सके। इन्होंने इस बार के बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बजट कोरोना जैसी महामारी और रूस, यूक्रेन संकट की छाया में आने के बावजूद एक कुशल बजट है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि जब दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में थी और उत्पादन और मांग के खतरे से जूझ रही थी भारत न केवल आर्थिक मोर्चे पर बल्कि वैक्सीन देने वाले देशों में अग्रणी था। सुशील मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री को फ्रंट फुट का बैट्समैन करार देते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री दुनिया भर में फैली महंगाई और मांग न होना की चिंता से न केवल भारत को उबारते हैं बल्कि भारत का नेतृत्व करते हुए किसान, मजदूर और आम आदमी के पक्ष का बजट प्रस्तुत करते हैं। यह बात जानते हुए कि अगले साल चुनाव है वे इस बजट में किसी तरह के चुनावी वादे या बताशे नहीं बाँटते क्योंकि वे 2047 के भारत की दूरदर्शिता से भारत के वर्तमान को देख रहे है। यह बजट भारत की नींव को मजबूत करेगा इसका सर्वाधिक जोर पूँजीगत व्यय को बढ़ाने को लेकर है ताकि मांग बढ़े। क्योंकि पूंजीगत और निर्माण व्यय पर खर्च किए पैसे ढाई से तीन गुना का फायदा देते हैं।

# फ्रंट ने हिंदू धर्म के विरुद्ध दुष्प्रचार करने पर कार्यवाही की मांग की



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**यूनाइटेड** हिंदू फ्रंट की ओर से प्रगति मैदान में चल रहे पुस्तक मेले में ईसाई मिशनरी द्वारा हिंदुओं के विरुद्ध आपत्तिजनक सामग्री बांटने व हिंदुओं को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए तैयार करने की कार्यवाही करने की मांग की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। फ्रंट को पुस्तक मेले में ईसाई मिशनरी द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने संबंधित आपत्तिजनक सामग्री वितरित करने की सूचना मिली थी।

# सफदरजंग हॉस्पिटल से रिटायर हुए राजेंद्र कुमार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
सफदरजंग हॉस्पिटल, दिल्ली से नरेला निवासी ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन राजेंद्र कुमार अपनी 30 साल की बेमिसाल तथा उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के उपरांत ससम्मान रिटायर हुए। इनके सम्मान में हॉस्पिटल द्वारा आयोजित विदाई पार्टी में अपने विचार रखते हुए हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर शेरवाल ने हॉस्पिटल द्वारा प्रदत्त सेवाओं में इनके अमूल्य सहयोग की सराहना की तथा बुके से स्वागत करते हुए मोमेंटो प्रदान किया। उन्होंने इनके उज्जवल भविष्य तथा स्वस्थ जीवन की कामना की। इसके साथ ही ओटी स्टाफ ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से इनको





विदाई दी। नरेला के डॉक्टर अंबेडकर पार्क में अनेकों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड सुरेंद्र पांचाल तथा नागरिक अधिकार आंदोलन के के अध्यक्ष कलमकार राजव्रत ने मोमेंटो भेंट करते हुए राजेंद्र कुमार का नागरिक सम्मान किया और कहा कि इन्होंने नवंबर 1992 में बतौर स्ट्रेचर बाय सफदरजंग हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं शुरू की थी और उसी से तरक्की करते हुए आज बतौर ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने अपने सेवाकाल में जो भी इनसे किसी भी तरह की मदद लेने गया पर पूर्ण सहयोग दिया और उसकी पूर्णता संतुष्टि की। इसी कारण आज क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक इस पार्क में मौजूद हैं।

# जनहित के मुद्दे उठाने पर विधायक का किया अभिनन्दन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**जनहित** के मुद्दे विधानसभा में उठाने के लिए बवाना विधायक जयभगवान उपकार का समाजसेवी एवं आदर्श ग्रामीण समाज बरवाला दिल्ली के उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने शाहाबाद डेरी स्थित विधायक कार्यालय में उनका शाल ओढा कर अभिनंदन किया।
इस अवसर पर वत्स ने कहा कि विधायक जयभगवान उपकार ने दिल्ली विधानसभा में अतिक्रमण के शिकार औचंदी रोड़ को जो कागजों में साढे 82 फुट चौड़ी है पर वास्तविक रुप से अतिक्रमण के कारण संक्ररी हो गई है के चौड़ीकरण का मुद्दा गत दिवस



दिल्ली विधानसभा में उठाया था। इस सड़क पर बवाना क्षेत्र के गाँव पूठखर्द, बरवाला, बवाना, प्रहलादपुर, शाहाबाद डेरी, शाहबाद दौलतपुर गाँव में प्रतिदिन भारी जाम लगता है।

# अरविन्द केजरीवाल और कैलाश गहलोत तुरंत दे इस्तीफा: चौधरी अनिल कुमार

## केजरीवाल द्वारा सौरभ भारद्वाज और आतिशी को मंत्री पद देना दशार्ता है कि उनके पास साफ छवि वाला कोई विधायक नहीं है जिसको मंत्री बना सके: चौधरी अनिल कुमार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस नेताओ और कार्यकर्ताओं ने शराब घोटाले के मुख्य सूत्रधार अरविन्द केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शराब घोटाले की निष्पक्षता से जांच कराने में सहयोग करके अरविन्द केजरीवाल नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि शराब नीति लागू







करने के समय से ही कांग्रेस पार्टी केजरीवाल सरकार पर शराब नीति में हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही थी जिसकी सच्चाई दिल्लीवालों के सामने है कि कांग्रेस के दबाव में मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को मंत्री पद से इस्तीफ देना पड़ा। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के अलावा पूर्व सांसद रमेश कुमार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, डा. नरेश कुमार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अमृता धवन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, विष्णु अग्रवाल, करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला आदर्श नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज यादव, शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जेएस नेयोल, सतबीर शर्मा, धर्मपाल चंदेला जिला अध्यक्ष, विष्णु अग्रवाल जिलाध्यक्ष व रामविलास शर्मा, निगम पार्षद समीर अहमद और हाजी जरीफ, चेयरमैन अब्दुल वाहिद कुरैशी, एडवोकेट सुनील कुमार, एस.सी. विभाग के चेयरमैन संजय नीरज, कम्युनिकेशन विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज आत्रेय और विक्रम लोहिया, बद्रूदीन खान, चन्द्रेश वर्मा सहित भारी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे।

# सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम में मंजिले नूर पुस्तक के अंग्रेजी अनुवाद का विमोचन किया



**२ध्यान**-अभ्यास के विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध लेखक संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने 28 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली स्थित सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम में मंजिले नूर पुस्तक के अंग्रेजी अनुवाद का विमोचन किया। महान सूफी-संत शायर दर्शन सिंह जी महाराज द्वारा लिखित यह पुस्तक मंजिले नूर गुरु नानक देव जी महाराज के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित है। इस पुस्तक को गुरु नानक देव जी महाराज के 500वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सन्‌ 1969 में पहली बार प्रकाशित किया गया था। जिसके लिए संत दर्शन सिंह जी महाराज को सन्‌ 1972 में ऊर्दू एकेडमी द्वारा ह्यमहान सूफी शायरह्ल की उपाधि से सम्मानित किया गया। संत दर्शन सिंह जी महाराज की सूफी-शायरी आने वाले कई दशकों तक आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वाले प्रभु-प्रेमियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा अनुवादित मंजिले नूर पुस्तक में दिया गया एक-एक शेर संपूर्ण विश्वभर के लोगों की आत्माओं को रूहानी उभार प्रदान करेगा। कार्यक्रम की शुरूआ२२२त में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज, आदरणीय माता रीटा जी, श्री हरदीप सिंह पुरी, भारत सरकार के आवास व शहरी विकास तथा पैट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री और श्रीमती लक्ष्मी पुरी जी का फूलों के गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात इन सभी ने पारंपरिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। पुस्तक विमोचन समारोह में आए हुए अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और देश-विदेश से आए दर्शकों से खचाखच भरे ऑडिटोरियम को संबोधित करते हुए परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि मुझे मंजिले नूर पुस्तक के अंग्रेजी संस्कारण का विमोचन करते हुए बड़ी ही खुशी हो रही है कि इसके जरिये प्रत्येक व्यक्ति तक गुरु नानक देव जी महाराज का संदेश पहुँचेगा ताकि वो अपना जीवन शांति, खुशी, दिव्य-प्रेम और एकता से जीते हुए अपने अंतर में प्रभु की ज्योति के साथ जुड़ सकें। गुरु नानक देव जी महाराज ने हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया, ताकि वे आध्यात्मिक रूप से जागृत हों क्योंकि गुरु नानक देव जी महाराज स्वयं प्रभु के प्रकाश से भरपूर थे। पुस्तक में दिये गए अनेक शेरों की व्याख्या करते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने फरमाया कि गुरु नानक देव जी महाराज ने लाखों लोगों को पिता-परमेश्वर को अपने अंतर में अनुभव करने के मार्ग पर चलाया। गुरु नानक देव जी महाराज चाहते थे कि हम सही मायनों में यानि आत्मिक रूप में अपने आपको जानें और पिता-परमेश्वर से एकता का अनुभव करें। उन्होंने पुरुष और नारी में समानता तथा ईमानदारी से अपनी आजीविका कमाने पर बहुत जोर दिया है, जिसे हम सभी

# आने वाले त्योहारों पर न बिगड़े सौहार्द, अपराधियों से सख्ती से निपटे

**बिजनौर/टीम एक्शन इंडिया**
बरेली के अपर पुलिस महानिदेशक प्रेमचंद मीना ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने होली व शब-ए- बारात की तैयारी समेत अपराध नियंत्रण को लेकर मातहतों को निर्देश दिए। एडीजी मीना ने मातहतों को बताया कि आने वाला कुछ दिनों में होली के साथ कई त्योहार पड़ने वाले हैं। इस दौरान माहौल खराब करने वालों पर नजर रखें। आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटे और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को एक्टिव मोड में रखें। एडीजी ने तीन वर्षों में हुए अपराधों की समीक्षा, गैंगस्टर, हत्या, डकैती व लूट की घटनाओं



में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी करने के लिए पुरुष्कार घोषित करने को कहा। छह माह से अधिक समय से लम्बित जाचं, गौवध अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर, एनएसए लगाने, धारा 363/366 के अन्तर्गत दो सम्प्रदाय से सम्बंधित अभियोगों में हुई बरामदगी, सोशल मीडिया सेल की तैनाती तथा माफिया आदित्य राणा की लम्बित गिरफ्तारी आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंपे स्थानांतरित पुलिस कर्मियों की कार्य मुक्ति किये जाने, जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने, अपराध की मजबूती से रोकथाम करने आदि बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरक्षाकर्मी राघवेंद्र सिंह ने पीजीआई में ली अंतिम सांस

**लखनऊ/ प्रयागराज।** प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में बीते दिनों राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनकी सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों पर सुनियोजित योजना के तहत शूटरों ने जानलेवा हमला कर दिया था। शूटरों की इस घटना में उमेश पाल व गनर संदीप निषाद शहीद हो गए थे। इस घटना में दूसरे गनर राघवेंद्र सिंह बुधवार को जिंदगी और मौत की जंग लड़ हार गए। शहीद सिपाही का इलाज लखनऊ के पीजीआई में चल रहा था। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों में उप्र के प्रयागराज जनपद में धूमनगंज इलाके में राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल पर उस वक्त गोलियों और बमों से हमला कर दिया था जब वह कचहरी से कार पर सवार होकर घर पहुंचे थे। इस दौरान हथियारबंद अतीक अहमद गैंग के शूटरों ने ताबड़तोड़ बम और पिस्टलों से फायरिंग की। इस दौरान हमलावर शूटरों ने उमेश पाल के साथ-साथ उनकी सुरक्षा में तैनात गनर व सिपाही संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह पर भी उनकी जान बचाने के दौरान बम और कई गोलियां बरसाई। इस जघन्य वारदात में उमेश पाल और सिपाही संदीप निषाद की पहले ही मौत हो चुकी थी। गंभीर रुप से घायल सिपाही राघवेन्द्र सिंह का इलाज लखनऊ पीजीआई के ट्रामा सेंटर में चल रहा था। जहां बुधवार की शाम को उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। सिपाही की शहादत की जानकारी पर जेसीपी पीयूष मोर्डिया सहित पुलिस विभाग के आलाधिकारी ट्रामा सेंटर पहुंचे हैं। बता दें कि उमेश पाल शूटआउट की घटना में दोनों ही सिपाहियों ने बहादुरी के साथ हमलावरों का मुकाबला किया। उन्होंने जान की परवाह न करते हुए अपने फर्ज और कर्तव्य को आगे रखते हुए पहले उमेश को बचाने का प्रयास किया। हमलावरों ने उनकी बहादुरी को देखते हुए उन्हें भी नहीं बक्शा और उन पर कई गोलियां और बम मारे और फरार हो गए। उप्र की पुलिस हमलावरों की तलाश सरगर्मी से कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने अतीक अहमद और उसके गुर्गों को मिट्टी में मिलाने की बात सदन में कही है। इस कड़ी में एक आरोपी अरबाज को एंकाउंटर में प्रयागराज पुलिस ने ढेर कर दिया है और बुधवार को अतीक के करीबी खालिद जफर के मकान पर बुलडोजर से गिराने की कार्रवाई की गई है। वहीं प्रदेश भर में कई संदिग्धों को उठाकर पुलिस और एसटीएफ शूटआउट में फरार आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई हैं।

### घर पर संदिग्ध हालत में छात्रा की मौत

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव की छात्रा की घर की छत पर अचेतावस्था में पाई गई। बुधवार की सुबह मंडलीय चिकित्सालय में उसकी मौत हो गई। सेमरा कलां गांव निवासी रविशंकर उर्फ गूड्डू मौर्य की 17 वर्षीय पुत्री नेहा मंगलवार की देर रात लगभग ग्यारह बजे के पढ़ने के बाद छत पर बने शौचालय में गई थी। काफी देर तक नीचे न आने पर उसकी बुआ की पुत्री ममता छत पर उसे देखने के लिए गई तो शौचालय के बाहर छत पर छात्रा को अचेतावस्था में गिरा पाया। घर पर मौजूद नेहा के भाइयों एवं रिश्तेदार के यहां शादी में बड़ौहीं गांव गए नेहा के माता-पिता को घटना की सूचना दी। देर रात घर पहुंचे माता-पिता ने छात्रा को बरौंधा स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने छात्रा की गंभीर हालत देख मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। बुधवार सुबह मंडलीय चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने छात्रा को जहरीले जंतु के काटने की आशंका पर करनपुर स्थित एक वैद्य के यहां दवा पिलाने व झाड़-फूंक के लिए ले गए लेकिन निराशा हाथ लगी।

### त्रिलोचन घाट पर गंगा नहाते समय युवक डूबा, एनडीआरएफ ने खोज निकाला शव

**वाराणसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन घाट पर बुधवार को गंगा में नहाते हुए 18 वर्षीय एक युवक डूब गया। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ टीम और निजी गोताखोरों की मदद से लगभग दो घंटे की परिश्रम के बाद युवक के शव को पानी से निकलवाया। शिनाख्त के प्रयास में सफलता न मिलने पर युवक के शव को मर्चरी भिजवा दिया। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार त्रिलोचन घाट पर दोपहर में एक युवक गंगा स्नान के लिए आया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में डूबने लगा। यह देख घाट पर मौजूद लोगों ने रस्सी फेंक कर उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन युवक डूब गया।

## फसल कटते ही पहले कल्टीवेटर से खेतों की करें जुताई

**लखनऊ।** वर्तमान में रबी की फसलें कट चुकी हैं या पकने के कगार पर हैं। विशेषज्ञों के अनुसार फसल कटते ही अगली फसल के लिए खेतों को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए। फसल कटने के बाद खेतों में गोबर की खाद और गहरी जुताई करना जरूरी है। इस संबंध में कृषि वैज्ञानिक डा. मुनीष का कहना है कि खेत में पिछली फसल के बचे हुए भाग, खरपतवार, पत्थर एवं मिट्टी के ढ़ेलों को हटाने के लिए 3-4 बार कल्टीवेटर का उपयोग करते हुए जुताई का कार्य करना चाहिए।

# 'मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए स्टाफ का दक्ष होना जरूरी'

**औरैया/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से स्किल बर्थ अटेंडेंट (एसबीए) का 21 दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार से शुरू किया गया है। एसबीए प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में पांच दिनों तक थ्योरी चलेगी। इसके बाद 16 दिनों तक प्रशिक्षणार्थियों को 50 शैय्या जिला संयुक्त चिकित्सालय में प्रसव के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के विषय में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ. शिशिर पुरी का कहना है कि कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकने के



लिए स्टाफ को दक्ष होना होगा। आज जनपद की स्थिति इस मामले में बेहतर हुई है, मगर सुधार की गुंजाइश अभी भी है। उन्होंने कहा कि प्रसव के लिए आने वाली प्रसूताओं के साथ अच्छा बर्ताव करें। लिंगानुपात में कमी की वजह से अपराध भी बढ़ते हैं।लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या कानूनन अपराध है, इस बारे में लोगों को जागरूक करें। बेवजह अल्ट्रासाउंड की प्रवृत्ति से भी बचना है। प्रशिक्षण के पहले दिन जिला महिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा गुप्ता ने उपस्थित स्टाफ नर्सों और आयुष मेडिकल अफसरों को प्रसव के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिलताओं की जानकारी दी और इससे बचाव के तरीके बताए। गर्भावस्था से लेकर प्रसव तक आने वाली गंभीर स्थितियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार ने बताया कि मातृ मृत्यु के साथ शिशु मृत्यु रोकने के लिए भी काम करना है। प्रसव के बाद चौबीस घंटे मां और शिशु के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान उनकी विशेष देखभाल की जरूरत होती है। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनकी जांचें सुनिश्चित की जाए और सभी प्रकार के टीकें भी लगाने का काम किया जाए। घर जाने के बाद प्रसूता को देखभाल संबंधी जानकारी दी जाए और खानपान और स्वच्छता के बारे में भी समझाया जाए। यूपीटीएसयू से मास्टर ट्रेनर डॉ गौरव ओझा ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में चुनौतियां बहुत हैं। प्रसव कार्य से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों को सजग होकर अपनी जिम्मेदारी को निभाना है ताकि मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनकी जांचें सुनिश्चित की जाए और सभी प्रकार के टीकें भी लगाने का काम किया जाए। घर जाने के बाद प्रसूता को देखभाल संबंधी जानकारी दी जाए और खानपान और स्वच्छता के बारे में भी समझाया जाए।

# मेनका गांधी ने बांटें 3053 आवास, जिले को दी कई सौगातें

**सुलतानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने बुधवार को अपने सुल्तानपुर दौरे के अंतिम दिन कूरेभार विकासखंड मुख्यालय पर 3053 लाभार्थियों को पीएम आवास के स्वीकृत प्रमाण पत्र का वितरण किया। जिसके उपरांत उन्होंने पीरों सरैया, विसावा एवं हैधना कला ग्राम पंचायत में प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित किया। सांसद मेनका गांधी ने प्राथमिक विद्यालय लोहंगी का निरीक्षण कर मिड डे मील का अवलोकन किया। कहा कि जर्जर मार्गों के निर्माण के



लिए 160 करोड़ की प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़कों का शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि एक माह के भीतर सुलतानपुर डिपो के बेड़े में कई नई बसें शामिल की जाएंगी। धनपतगंज बल्दी राय रोड पर बंद हुई रोडवेज की बसों के संचालन में रोडवेज कर्मी व निजी बस संचालकों की संलिप्तता पाई गई है, जिसके जांच के निर्देश संजय कुमार प्रबंध निदेशक परिवहन निगम ने दिए हैं।

## कोल्ड स्टोर में अमोनिया का रिसाव

फतेहपुर। जिले में बुधवार की बीती रात एक कोल्ड स्टोर में अमोनिया गैस का अचानक गैस रिसाव शुरू को गया। जिससे कोल्ड स्टोर में रहने वाले दो मजदूर उसकी चपेट में आकर बेहोश हो गये। जानकारी मिलते ही जिले के आलाधिकारी मय फोर्स के मौके पर पहुँच किसी तरफ गैस रिसाव को बंद कर स्थित में काबू पाया और राहत की सांस ली। इसके पूर्व सावधानी के तौर पर आसपास के लोगों से घर खाली कराया गया और उन्हें सुरक्षित जगह भेजा गया। थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव स्थित शंकर बरदानी कोल्ड स्टोर में आज देर रात करीब पौने 12 बजे सिलेंडर से अचानक अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया।

# अतीक के करीबी खालिद जफर के घर पर गरजा बुलडोजर



**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**
संगम नगरी में अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के करीबियों पर पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गयी है। बुधवार को अतीक अहमद के करीबी बिल्डर और घर के बगल में रहने वाले खालिद जफर की अवैध सम्पत्ति पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गरज रहा है। इस दौरान आसपास का रास्ता पुलिस ने बंद कर रखा है। कार्रवाई के दौरान खालिद के घर से दो विदेशी बंदूक और एक तलवार बरामद हुई है। बहरहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दोनों बंदूक लाइसेंसी है या अवैध रुप से बिना लाइसेंस के रखी गई है। चकिया में दो मंजिला इमारत में ही उमेश पाल की हत्या के बाद शूटर अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता से मिलने आए थे और मिलने के बाद फरार हो गए थे। उल्लेखनीय है कि उप्र के जनपद प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा था कि हम माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। उनके इस बयान का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। बुलडोजर की पहली कार्रवाई अतीक के करीबी और बिल्डर खालिद जफर के घर पर हुई है। बताया जा रहा है कि खालिद जफर ने उमेश पाल की हत्या करने वाले शूटर को थोड़ी देर के लिए अपने घर पर पनाह दी थी। इससे जफर पुलिस के निशाने पर आया और बुधवार को उसके अवैध निर्माण को जमींदोज किया जा रहा है। पुलिस की जांच में बताया जा रहा है कि उमेश पाल और उनके सरकारी गनर की हत्या के बाद शूटर यहीं पर आए थे, जहां उनकी मुलाकात माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन से हुई थी और इसके बाद सभी शूटर यहीं से फरार हो गए थे, जिन्हें पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जबकि एक आरोपी अरबाज को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

# एक परिवार-एक पहचान योजना के क्रियान्वयन के लिए दी ट्रेनिंग

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
फैमिली आईडी, एक परिवार-एक पहचान योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बुधवार को विकास भवन स्थित सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारियों एव ं उप जिला धिकारियों की मौजूदगी में योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया गया। सीडीओ ने योजना के प्रतिदिन प्रगति पर उच्चाधिकारियों को समुचित पर्यवेक्षण रखने को कहा। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना, डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को



हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान, सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण एवं लाभों के लक्षित वितरण के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना है। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए 12 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या है, जिसमें परिवार के सदस्यों का विवरण दिया होगा। फैमिली आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने तथा लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए केन्द्रीय भण्डार के रूप में कार्य करेगा। फैमिली आईडी एक स्वैच्छिक सेवा है, केवल वे परिवार जो यूपी/केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहें है या लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की आवश्यकता हो सकती है। उन परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड बनाया जाना है, जो राशन कार्ड धारक नहीं है। साथ ही यह भी बताया गया कि जिन परिवारों का राशनकार्ड पूर्व से बना हुआ है, उनका राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी संख्या है। सीडीओ ने बताया कि आवेदक द्वारा विभिन्न चरणों में स्वयं या सीएससी सेन्टर के माध्यम से इन प्रक्रियाओं के तहत बेवसाइट पर पंजीकरण किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान सभी लेखपालों एवं सचिव, ग्राम पंचायतों को सत्यापन किये जाने से सम्बन्धित सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# सीड्स ने गुरुग्राम में प्राकृतिक समाधानों से वजीराबाद स्थित झील का पुनरुद्धार किया

**दिल्ली/गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब बाढ़ आने की बढ़ती घटनाओं के कारण शहरों पर दिखाई देने लगा है। निर्माण क्षेत्र में बढ़ी गतिविधियों ने सख्त सतह के क्षेत्र को बढ़ा दिया है जिससे जमीन पानी नहीं सोख पाती और पानी के यूँ ही बह जाने के कारण बाढ़ आने की घटनाएं बढ़ी हैं। पर्यावरण की अनदेखी के साथ ही भूगर्भीय जल का ज्यादा दोहन और तेजी से बढ़ रहे अनियमित निर्माण ने इस समस्या को और बढ़ाया है। 2016 में गुरुग्राम में आई भयानक बाढ़ वहां के लोगों को गुरुजाम के रूप में अब तक याद है। उस समय लगातार बारिश  से शहर में जगह-



जगह पानी भरने से बाढ़ आ गई थी और लोगों को भयंकर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा था । पिछले कुछ सालों से तकरीबन हर साल हाइवे, अंडरपास और बेसमेंट पार्किंग स्पेस में पानी भर जाता है। आलीशान और बड़ी-बड़ी इमारतों के लिए मशहूर गुड़गांव में शहरी स्तर पर पानी की निकासी को बढ़ावा देने के लिए इंगरसोल रैंड इंडिया ने सीड्स इंडिया (सस्टेनेबल इकोलॉजिकल और एनवॉयरमेंटल डिवेलपमेंट सोसाइटी) और जीडीएमए (गुड़गांव नगर निगम प्राधिकरण) से साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत प्राकृतिक तरीकों से शहर के केंद्र में स्थित 18 एकड़ क्षेत्र में स्थित कुदरती झील का पुनरुद्धार किया जाएगा। सीड्स के सह-संस्थापक डॉ. मनु गुप्ता ने कहा, किसी जलनिकाय का पुनरुद्धार या बहाली से जलवायु परिवर्तन के तरह-तरह के प्रभाव से निपटने में मदद मिलती है। इन प्रभावों में शहरों में बाढ़, पानी का संकट, हरियाली, पेड़-पौधों की कमी और प्रदूषण जैसी समस्याएं शामिल हैं। यह कुरदती समाधान न केवल बाढ़ के अतिरिक्त पानी का संग्रह करने की पृथ्वी की क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि इनके और भी अन्य कई लाभ हैं"। अब शहरों को लगातार सामाजिक आर्थिक और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों का समाना करना पड़ रहा है। भविष्य में ज्यादा से ज्यादा शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के कारण इस स्थिति के और विकराल रूप लेने की संभावना है।  पर्यावरण को स्वस्थ बनाने के लिए चलाई जा रही परियोजनाएं जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभाव में कटौती करने में मुख्य भूमिका निभाती है गुरुग्राम में प्रस्तावित झील विकास परियोजना के तहत झील के किनारों पर तरह-तरह के पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। नागरिकों के लिए जनसुविधाएं जैसे जॉगिंग और साइक्लिंग ट्रैक बनाए जाएंगे। लोगों को बोटिंग की सुविधा दी जाएगी और चिड़ियों को देखने के लिए ऊंचाई पर जगहें बनाई जाएंगी। स्ट्रीट लाइट, पिलर बॉक्स और बेंच जैसे स्टील फर्नीचर बनाने और एंट्रेंस गेट बनाने के लिए रिसाइकिल किए जाने वाले पदार्थों का इस्तेमाल किया जाएगा।

# काशी में छह मार्च को होलिका दहन, सात मार्च को खेली जाएगी होली

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
धर्म नगरी काशी में इस बार प्रदोष काल व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका दहन छह मार्च को किया जायेगा। होलिका दहन के दूसरे दिन ही चौसठ्ठी देवी की यात्रा की परंपरा होने के कारण होली का त्योहार काशी में सात मार्च को मनाया जायेगा। वहीं, देश के अन्य हिस्सों में होली आठ मार्च को मनाई जाएगी। ज्योतिषविद आचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा छह मार्च की शाम को 4:18 बजे से लगेगी और सात मार्च की शाम को 5:30 बजे समाप्त हो रही है। ऐसे में प्रदोष काल व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका दहन छह मार्च को ही किया जाएगा। पूर्णिमा के साथ भद्रा होने के कारण होलिका दहन का मुहूर्त रात्रि में 12:23 बजे से 1:35 बजे तक मिलेगा। पूर्णिमा सात मार्च को समाप्त होने के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा शाम को शुरू हो रही है । लेकिन होली उदया तिथि में मनाने का शास्त्रीय विधान है। ऐसे में देश के अन्य हिस्सों में आठ मार्च को होली मनाई जाएगी।

**होलिका दहन के समय परिक्रमा करने का विधान**

होलिका दहन के समय होलिका के परिक्रमा का विधान भी है। होलिका के चारों ओर तीन या सात बार परिक्रमा करते हुए कच्चे सूत को लपेटना चाहिए। इसके बाद होलिका की भस्म मस्तक पर लगाने से माना जाता है कि आरोग्य लाभ के साथ सुख-समृद्धि मिलती है। होलिका दहन से पहले होलिका का पूजन भी किया जाता है।

**राशि के हिसाब से खेले होली, ग्रह दोष से मुक्ति मिलने के साथ लाभकारी भी होगा**

ज्योतिष में राशि के हिसाब से रंग और गुलाल खेलना शुभ माना जाता है। ज्योतिषविद मनोज पाठक बताते हैं कि अपनी राशि के अनुसार रंगों का इस्तेमाल करने से ग्रह-दोष से मुक्ति मिलती है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' का 44वां हफ़्ता

## यादव परिवार की लाडली त्रिशिका यादव ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, केक काटकर मनाया त्रिशिका यादव का जन्मदिन







### "राकेश भारद्वाज चौक" पर केक काटकर मनाया गया त्रिशिका यादव का जन्मदिन





**'राकेश भारद्वाज चौक'** पर हर रविवार को आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में विभिन्न व्यंजनों से सजी थाली तो परोसी ही जाती है। इसके साथ ही संस्था हर बार किसी नए आइडिया और अनोखी पहल के साथ कुछ अलग पेश करती है। जो हर किसी के लिए कौतुहल का विषय बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पिछले रविवारों में मजदूर दिवस, मातृत्व दिवस, परिवार दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस सहित जन्मदिवस भी मनाए गए। धूमधाम से केक काटकर मनाया गया त्रिशिका यादव का जन्मदिन। सभी ने त्रिशिका को जन्मदिन की बधाई दी।

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। स्वर्गीय राकेश भारद्वाज जी और उनके मित्र सुरेंदर चोपड़ा द्वारा लगाया गया एक छोटा सा पौधा आज एक वट वृक्ष का आकार ले चुका है। पिछले 44 हफ्तों से निरंतर हर रविवार को आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में लजीज व्यंजनों से भरी थाली परोस जा रही है।







### आदर्श रसोई में स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "आदर्श रसोई" ने अपना 44वां रविवारीय कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### यादव परिवार ने नन्ही परी त्रिशिका यादव के जन्मदिवस पर आदर्श रसोई के माध्यम से किया अन्नदान

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर कार्यक्रम में बतौर शुभारंभकर्ता सतपाल यादव परिवार पहुंचा। सतपाल यादव परिवार ने घर की लाडली त्रिशिका यादव का जन्मदिन राकेश भारद्वाज चौक पर मनाया। नन्हीं परी त्रिशिका यादव ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत यादव परिवार ने राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया और इस दिन को विशेष बनाया। त्रिशिका यादव को चॉकलेट की माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई व आशीर्वाद दिया।

### क्या बोले सतपाल यादव

इस विशेष मौके पर यादव परिवार के मुखिया सतपाल यादव ने कहा कि आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन सामाजिक कार्य कर रही है और दिन प्रतिदिन समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। आज जिस तरह से आप सभी ने मेरे घर की लाडली त्रिशिका यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया उसके लिए, उसके लिए मैं आप सभी का दिल की गहराईयों से आभार प्रकट करता हूं। पुण्य आत्मा श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है। जो काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं। मैं खुद आदर्श रसोई के साथ शुरू से जुड़ा हूं और आदर्श रसोई की कार्यप्रणाली को करीब से देख रहा हूं। आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारी रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहते हैं और मीटिंग का आयोजन कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हैं।

### आदर्श रसोई के मध्यम से भाई राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : जयप्रकाश यादव

पूर्व विधायक जयप्रकाश यादव ने कहा कि राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। सुख-दुख के साथ रहे हैं। यारों के यार जिंदादिली व्यक्तित्व के मालिक थे। आदर्श रसोई के माध्यम से भाई राकेश जी हम सभी के बीच ज़िंदा है। अपनी पत्राकरिता के माध्यम से उन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की आवाज बुलंद की। राकेश भारद्वाज द्वारा लगाया हुआ आदर्श रसोई रूपी पौधा आज वट वृक्ष बन चुका है। जिसकी छांव में आज जरूरतमंदों की निःस्वार्थ रूप से सेवा की जा रही है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था का आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करती हूं।

### चौक के नामकरण बहुत हुए लेकिन राकेश भारद्वाज चौक की बात ही अलग है: जयप्रकाश यादव

पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव ने कहा कि क्षेत्र में चौक, द्वार इत्यादि के नामकरण तो बहुत हुए लेकिन राकेश भारद्वाज चौक ने एक अलग ही प्रसिद्धि प्राप्त की है। हर रविवार इस चौक पर एक उत्सव होता है जिसमें गरीब और जरूरतमंद लोग अपने पेट भरते हैं। वहीं, इसी सोच को ध्यान में रखकर राकेश जी और उनके मित्र सुरेंद्र चोपड़ा ने एक साथ आदर्श रसोई की नींव रखीं। आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी सोच को आदर्श रसोई के माध्यम से नया आयाम मिला है। साथ ही राकेश भारद्वाज जी ने हमेशा अपने अनुभव से सभी का मार्गदर्शन किया। आज इस स्थान पर ऐसे कई विशिष्ट सदस्य मौजूद हैं जिनके जीवन में अपने विचारों व अनुभव से मार्गदर्शन किया। ये मेरे परिवार के लिए लिए सौभाग्य की बात है कि आज आदर्श रसोई के माध्यम से मुझे सेवा करने का मौका मिला।

### यादव परिवार की ओर से नि:शुल्क की गयी आदर्श रसोई

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार को नन्हीं परी त्रिशिका यादव के जन्मदिन पर यादव परिवार की ओर से विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले- चावल, अचार, सलाद, रायता और विशेष तौर पर सूप भी बनवाया गया था। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।









































आदर्श रसोई ने पिछले 44 रविवार से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **-सतपाल यादव, आदर्श रसोई संरक्षक**



आदर्श रसोई पिछले 44 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **-जयप्रकाश यादव, पूर्व विधायक**



ये आदर्श रसोई का 44वां रविवारीय आयोजन था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। हर कोई अपने योगदान देना चाहता है। हर कोई आदर्श रसोई के कार्यक्रम में अपना योगदान देना चाहता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से आभार प्रकट करता हूं। **- मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **-सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **- रवि भारद्वाज, संयोजक**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई की पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन। **- पम्मी मल्होत्रा**







